## खबर संक्षेप

### 26 अप्रैल को होगी राज्य सेवा की प्रारंभिक परीक्षा

**कटनी।** मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित होने वाली राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा-2026 हेतु जिले में चयनित परीक्षा केन्द्रों का भौतिक सत्यारपन किया जा रहा है। कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश पर परीक्षा केन्द्रों के भौतिक सत्याषपन हेतु जिला शिक्षा अधिकारी, सहायक संचालक (शिक्षा विभाग) और राज्या शिक्षा केन्द्रक के अतिरिक्त परियोजना समन्वयक को परीक्षा केंद्रों के निरीक्षण का जिम्मा सौंपा गया है। यह निरीक्षण दल परीक्षा केन्द्रव का नाम एवं पते की जांच करेगा। केन्द्र का पता अंकित न होने अथवा गलत होने की स्थिति में संशोधन के संबंध में तत्कारल सूचित करेगा। साथ ही केन्द्रक की बैठक क्षमता की जांच करेगा। इसके अलावा यदि सूची में किसी भी प्रकार के संशोधन की आवश्यकता है, तो आयोग को दो दिवस के भीतर सूचित करेगा। इन अधिकारियों को जल्द से जल्द निरीक्षण कर पालन प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिये गये हैं। राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा-2026 की प्रारंभिक परीक्षा 26 अप्रैल को ओ.एम.आर. पद्धति से दो सत्रों में आयोजित की जाएगी। प्रथम सत्र प्रातः 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक और द्वितीय सत्र दोपहर 2:15 बजे से शाम 4:15 बजे तक जिले के विभिन्न केंद्रों पर आयोजित होगा।

### महापौर का बस स्टैंड क्षेत्र पर औचक निरीक्षण

**कटनी।** शहर में स्वच्छता व्यवस्था को और अधिक बेहतर बनाने एवं जल निकासी तंत्र को सुचारू रखने के उद्देश्य से महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी ने गुरुवार की सुबह क्षेत्रीय पार्षद ओमप्रकाश बल्ली सोनी एवं नगर निगम अधिकारियों के साथ बस स्टैंड स्थित नाले-नालियों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान महापौर ने नाले की वर्तमान स्थिति का अवलोकन करते हुए आवश्यक सुधार कार्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान महापौर ने पाया कि नाले में अवरोध के कारण जल निकासी प्रभावित हो रही है, जिसे ध्यान में रखते हुए उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि नाले की समयबद्ध मरम्मत कराई जाए एवं नियमित साफ-सफाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि जल निकासी व्यवस्था को सुचारू बनाए रखना नगर निगम की प्राथमिकता है, जिससे नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

### अनुपयोगी सामग्री को तत्काल हटाने दिये निर्देश



**कटनी।** समस्त अधिकारी-कर्मचारी सर्वोच्च प्राथमिकता से कार्यालय को स्वच्छ एवं नस्तियों को सुव्यवस्थित रूप से यथा स्थान पर रखें। उपयोगी एवं आवश्यक अभिलेखों तथा सामग्री को रिकॉर्ड रूम में सुरक्षित रखने एवं अनुपयोगी सामग्री को विधि सम्मत तरीके से हटाने की कार्रवाई करें। जनप्रतिनिधियों और नागरिकों की समस्याओं को संवेदनशीलता के साथ सुनकर यथोचित निराकरण करें। इस आशय के निर्देश जिला पंचायत की सीईओ सुश्री हरसिमरनप्रीत कौर ने जनपद पंचायत बहोरीबंद कार्यालय की विभिन्न शाखाओं और कक्षों का औचक निरीक्षण करते हुए जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को दिए। सुश्री कौर ने निर्देशित करते हुए कहा कि शौचालय एवं प्रसाधन गृह को विशेष रूप से ध्यान देते हुए प्रतिदिन साफ सफाई कर स्वच्छ रखने को कहा। इस दौरान उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी कर्मचारी कार्यालीन समय पर उपस्थित होकर समय पर कार्यालय छोड़ें। ताकि जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों से सरोकार रखने वाले आवेदनों और समस्याओं का तत्परता पूर्वक निराकरण हो सके।

स्लीमनाबाद थाना क्षेत्र में हुई वारदात, बिलहरी से मटके लोड कर हुआ था रवाना

# हाईवे किनारे खड़े ट्रक के अंदर चालक की लाश मिलने से हड़कंप

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

एक ट्रक चालक वाहन में मटके लोडकर कटनी से जबलपुर के लिये रवाना हुआ लेकिन आधे रास्ते में ऐसी कौन सी घटना हुई कि उसकी हत्या हो गई। चालक की लाश ट्रक के अंदर ही मिली। घटना स्लीमनाबाद थाना अंतर्गत ग्राम छपरा स्थित रजा मार्बल के पास की है। हाईवे के किनारे खड़े वाहन के भीतर ट्रक चालक की संदिग्ध अवस्था में लाश मिलने से हड़कंप मच गया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। मौका मुआयना एवं साक्ष्य एकत्रित करने प्रयास किया। प्रथम दृष्टया पुलिस ट्रक चालक की मौत को हत्या से जोड़कर देख रही है। मृतक की पहचान राकेश दाहिया 42 वर्ष निवासी लखराम मोहल्ला, वार्ड नंबर 14, खितौला (सिहोरा) के रूप में हुई है।



### चालक की हत्या बनी पहेली

जानकारी के अनुसार राकेश जबलपुर की एक स्वराज माजदा गाड़ी क्रमांक MP 20 GA 6242 का चालक था। परिजनों ने बताया कि राकेश 10 अप्रैल को गाड़ी लेकर कटनी गया था। वहाँ से बिलहरी जाकर उसने वाहन में मटके लोड किए और जबलपुर के लिए रवाना हुआ। इसके बाद रास्ते में उसके साथ क्या अनहोनी हुई, इसकी जानकारी फिलहाल किसी को नहीं है।

स्लीमनाबाद थाना प्रभारी सुदेश समन ने बताया कि 10 अप्रैल की देर रात लगभग 2 बजे NHI के माध्यम से सूचना मिली थी कि रजा मार्बल के पास एक संदिग्ध वाहन खड़ा है। पुलिस जब मौके पर पहुँची तो वाहन के भीतर चालक का शव बरामद हुआ। पुलिस ने तत्काल वरिष्ठ अधिकारियों को सूचित कर शव का पंचनामा तैयार किया और मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी।

### खून लगा मिला रॉड

एसडीओपी आकांक्षा चतुर्वेदी के अनुसार, घटनास्थल से लगभग 200 मीटर की दूरी पर एक रॉड बरामद हुई है, जिस पर खून के निशान मिले हैं।मृतक के शरीर पर चोट के निशान पाए गए हैं, जो किसी हमले की ओर इशारा करते हैं। विशेषज्ञ टीम द्वारा वाहन की बारीकी से जांच की गई है ताकि आरोपियों का सुराग लग सके।

एसडीओपी आकांक्षा चतुर्वेदी ने बताया कि मामले की हर पहलू से बारीकी से जांच की जा रही है। मौत के सही कारणों और स्थिति का खुलासा पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही हो पाएगा। फिलहाल मौके की स्थिति और बरामद साक्ष्यों के आधार पर इसे हत्या का संदिग्ध मामला मानकर विवेचना की जा रही है।



# आदिवासियों ने मांगों को लेकर कलेक्ट्रेट के सामने किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

बरगी और बाणसागर परियोजनाओं से विस्थापित हुए सैकड़ों आदिवासियों ने अपनी पुश्तैनी जमीन के अधिकार की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। ये ग्रामीण विजयराघवगढ़ क्षेत्र से 70 किलोमीटर पैदल चलकर कलेक्ट्रेट पहुंचे। राष्ट्रीय दलित महासभा इकाई कटनी के साथ छोटू आदिवासी दसई कोल, नन्दलाल कोल, धूप सिंह गोंड, अम्बे कोल, जुरूआ चौधरी और बबली चौधरी के नेतृत्व में यह जत्था विजयराघवगढ़ से निकला। कलेक्ट्रेट तक के सफर में उन्हें तेज धूप और बारिश का सामना करना पड़ा। इस प्रदर्शन में कई महिलाएं अपने छोटे बच्चों के साथ शामिल थीं, जो अपनी गंवाई गई जमीन और आवास के लिए गुहार लगा रही थीं।

ग्रामीणों ने बताया कि वे वर्षों से बाणसागर परियोजना के डूब क्षेत्र के किनारों पर रह रहे थे। परियोजना का कार्य पूरा होने के बाद उन्हें उनकी जमीन से बेदखल कर दिया गया। आदिवासियों का आरोप है कि प्रशासन ने उन्हें अब तक कोई वैकल्पिक जमीन आवंटित नहीं की है। लंबे समय से काबिज होने के बावजूद उन्हें भूमि के पट्टे नहीं दिए गए, और विस्थापन के बाद पुनर्वास की कोई ठोस नीति भी उन पर लागू नहीं की गई।

अपनी मांगों को लेकर आक्रोशित आदिवासियों ने कलेक्ट्रेट के मुख्य द्वार पर जोरदार प्रदर्शन किया और कुछ समय के लिए सड़क पर बैठकर जाम लगा दिया। ग्रामीणों की मांग थी कि मुख्यमंत्री के नाम सौंपे गए ज्ञापन पर तत्काल संज्ञान लिया जाए और उन्हें रहने के लिए पट्टे व खेती के लिए भूमि आवंटित की जाए।

# आरपीएफ ने पांच शातिर बदमाशों को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

आरपीएफ ने पांच शातिर बदमाशों को दबोचा है। बीते दिनो बीना-कटनी रेलखंड पर सिग्नल सिस्टम से जुड़ी कॉपर वायर चोरी होने की घटना हुई थी। इस मामले में आरपीएफ ने भट्टा मोहल्ला क्षेत्र निवासी एक शातिर बदमाश सहित चार लोगों को गिरफ्तार किया है जबकि वारदात में शामिल अन्य बदमाशों की तलाश की जा रही है।

गौरतलब है कि 5 अप्रैल से 8 अप्रैल के बीच बीना-कटनी रेलखंड पर कटनी मुड़वारा रेलवे स्टेशन से न्यू मझगवां फाटक रेलवे स्टेशन रेलवे सिग्नलिंग सिस्टम में लगी कॉपर वायर को अज्ञात बदमाशों ने पार कर दिया था। जिससे सिग्नलिंग व्यवस्था ठप पड़ गई। इस घटना से इस रेल खंड पर ट्रेनों का संचालन भी बाधित रहा और ट्रेनों को कॉशन ऑर्डर पर चलाया गया। यह वायर ट्रेनों के सुरक्षित संचालन के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण होती है।



### सिग्नल सिस्टम हुआ था बाधित

बताया जाता है कि चोरों ने इस दौरान 4 से 5 सिग्नलों को नुकसान पहुंचाते हुए वहां से कॉपर वायर निकाल ली थी। इस वजह से संबंधित रेलखंड पर सिग्नल सिस्टम बाधित हो गया, जिससे ट्रेनों को सामान्य गति से चलाना संभव नहीं रहा। रेलवे प्रशासन को तत्काल कॉशन ऑर्डर जारी करना पड़ा, जिसके तहत ट्रेनों को बेहद धीमी गति से सावधानीपूर्वक चलाया गया। इस घटना के कारण चार मालगाडियां और दो यात्री ट्रेनें प्रभावित हुईं। इनमें पैसेंजर ट्रेनें भी शामिल थीं जो अपने निर्धारित समय से देरी से अपने गंतव्य के लिए रवाना हुईं।

आरपीएफ पोस्ट प्रभारी वीरेंद्र सिंह ने बताया कि इस मामले में मुख्य आरोपी आंशु उर्फ आलियाश निवासी भट्टा मोहल्ला सहित उसके गैंग के तीन अन्य सदस्यों को गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपियों के कब्जे से चोरी की गई सिग्नल कॉपर वायर भी बरामद की गई है। पकड़े गए आरोपियों के खिलाफ आरपीएफ एक्ट और रेलवे अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। वहीं इस गिरोह से जुड़े एक अन्य आरोपी की तलाश जारी है, जिसकी गिरफ्तारी के लिए लगातार दबिश दी जा रही है।

## प्रशु प्रबंधन एवं जैविक खाद निर्माण का दिया प्रशिक्षण



वीरांगना रानी दुर्गावती शासकीय महाविद्यालय बहोरीबंद में जैविक कृषि विशेषज्ञ रामसुख दुबे द्वारा विद्यार्थियों को जैविक खेती का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण के क्रम में विद्यार्थियों को कम लागत तकनीकी जीरो बजट फार्मिंग के अंतर्गत जानकारी दी गई कि जैविक खेती में पशु प्रबंधन एक ऐसा तरीका है, जिसमें पशुओं को न केवल दूध के लिए पाला जाता है, बल्कि उन्हें पूरी कृषि प्रणाली का एक अभिन्न अंग माना जाता है। इस प्रणाली में पशु और फसलें एक दूसरे के पूरक होते हैं। जिससे खेत एक आत्मनिर्भर और टिकाऊ पारिस्थितिकी तंत्र बन जाता है। प्रशिक्षण के दौरान पशुधन प्रबंधन के मुख्य सिद्धांत के अंतर्गत पशुओं का प्राकृतिक जीवन, प्राकृतिक आहार, स्वस्थ और रोग मुक्त पशुधन की जानकारी दी गई। साथ ही जैविक कृषि में पशुधन के महत्व के अंतर्गत जैविक खाद का स्रोत, गोबर की खाद एवं गोमूत्र, ऊर्जा और श्रम का स्रोत, हल चलाना, परिवहन एवं आत्मनिर्भरता का आधार तथा पशुधन प्रबंधन के लाभ के अंतर्गत लागत में कमी, आय में वृद्धि, पर्यावरण संरक्षण तथा मिट्टी के स्वास्थ्य की जानकारी दी गई। इसके अतिरिक्त विद्यार्थियों को जैविक खेती में अपशिष्ट प्रबंधन, ग्रामीण खाद एवं शहरी खाद निर्माण, पशु अपशिष्ट से खाद निर्माण एवं खली के उपयोग की जानकारी दी गई।

# कलेक्ट्रेट एवं जिला पंचायत परिसर में सभा जुलूस, नारेबाजी एवं ध्वनि यंत्रों पर प्रतिबंध

हरिभूमि न्यूज ⏭ ढीमरखेड़ा

कलेक्ट्रेट कार्यालय और जिला पंचायत परिसर में जुलूस, आम सभा, नारेबाजी एवं ध्वनि विस्तारक यंत्र के उपयोग से कार्यालयीन एवं न्यायालयीन कार्य प्रभावित होने एवं परिशांति भंग होने की संभावना को देखते हुए कलेक्टलर श्री आशीष तिवारी ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के अंतर्गत प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया है।

जारी प्रतिबंधात्मक आदेश के अनुसार कलेक्टर कार्यालय एवं जिला पंचायत परिसर में 100 मीटर की परिधि में ध्वनि विस्तारक यंत्र, सभा स्थगल, जुलूस, नारेबाजी आदि पर रोक लगाने हेतु इसे प्रतिबंधात्मक क्षेत्र घोषित किया गया है। कोई भी राजनीतिक दल, छात्र संगठन अथवा कोई भी आंदोलनकारी व्यक्ति इस परिसर में प्रतिबंधित रहेंगे। ध्वनि विस्तारक यंत्र का उपयोग उक्त परिसर एवं उससे लगे हुए 100 मीटर की परिधि में प्रतिबंधित किया गया है।



इसी प्रकार कोई भी राजनैतिक दल, यूनियन छात्र संगठन अथवा कोई भी आंदोलनकारी व्यक्ति इस परिसर में जुलूस, आमसभा या नारेबाजी, ज्ञापन आदि सौंपे जाने से 3 दिन पूर्व उप खण्ड मजिस्ट्रेट, कटनी से विधिवत लिखित में अनुमति प्राप्त करेगा एवं ज्ञापन सौंपे जाने हेतु कलेक्टर कार्यालय के मुख्य द्वार (मेन गेट नं. 1 एवं 2) पर 50 व्यक्ति या संगठन कार्यकर्ता होने पर मुख्य द्वार पर ही अधिकृत अधिकारी को ज्ञापन सौंपा जाएगा। 50 व्यक्तियों से कम व्यक्ति शांतिपूर्ण ढंग से कानून व्यवस्था बनाये रखते हुए कलेक्टर परिसर के मेन गेट पर अधिकृत अधिकारी को ज्ञापन सौंपेंगे। इस आदेश का उल्लंघन किए जाने पर संबंधितों के विरुद्ध भारतीय न्या य संहिता की धारा 223 के अंतर्गत कार्यवाही की जाएगी। यह आदेश 2 माह तक की अवधि के लिए प्रभावशील होगा।

प्रत्येक जनपद से पांच पांच पंचातयों को जारी किये शोकाज नोटिस

# 30 ग्राम पंचायतों के उपयंत्रियों, सचिव एवं जीआरएस से 3 दिन में जवाब तलब

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जल गंगा संवर्धन अभियान 2026 के दायित्व निर्वहन में लापरवाही एवं उदासीनता बरतने पर जिला पंचायत सीईओ सुश्री हरसिमरनप्रीत कौर ने प्रत्येक जनपद पंचायत की 5-5 ग्राम पंचायतों के संबंधित उपयंत्री,सचिव एवं ग्राम रोजगार सहायकों को कारण बताओ सूचना पत्र जारी कर कार्यों में प्रगति लाते हुए तीन दिवस में समक्ष में उपस्थित होकर तथ्यात्मक जवाब मांगा है। तीन दिन के अंदर तथ्यात्मक जवाब प्रस्तुत नहीं किए जाने पर सर्व संबंधितों पर एक पक्षीय कार्रवाई होगी।

एस.सी.एन. की वजह

जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत सर्व संबंधितों के प्रभार की ग्राम पंचायतों में स्वीकृत कार्य के अनुपात में कार्य पूर्णता/ प्रगति की स्थिति बार-बार निर्देश देने के बाद भी संतोष जनक नहीं है। इनके द्वारा सौंपे गए दायित्वों में रुचि नहीं लेना, पदीय कर्तव्यों के विपरीत शासकीय कार्यों के प्रति लापरवाही बरती गई।

### इन पंचायतों को नोटिस

जिला पंचायत सीईओ सुश्री कौर ने जनपद पंचायत विजयराघवगढ़ की ग्राम पंचायत कांटी, देवसरी इंदौर, घुन्नौर के सचिव /ग्राम रोजगार सहायक और उपयंत्री क्रमशः सुनील चौधरी, विजय पटेल विशंभर सिंह,आलोक पटेल, कुटेश्वर , इटौरा से विद्या प्रसाद साहू ज्ञानेंद्र शर्मा और पंचम लाल रैदास जनपद से पंचायत ढीमरखेड़ा की ग्राम पंचायत सरस्वाही, बम्हनी, कछारगांव छोटा से राजपाल महोबिया, प्रमिला वाजपेई, बालकिशन कटारे और मनीष हल्दकार, बरोदा और लालपुर से प्रकाश सेन , शैलेंद्र बागरी ,अनिल जाटव जनपद पंचायत कटनी की ग्राम पंचायत मझगवा फाटक, घघरी खुर्द, हरदुआ, झलवारा घघरी कला से खुशी पांडे, रामनरेश भूमिया, प्रियंक राय, नागेंद्र पटेल शिवप्रसाद पटेल और आरती पाल, जनपद पंचायत बहोरीबंद में ग्राम पंचायत पटोरी, सलैया कुआं, हथियागढ़ से सुशील कुमार पटेल, पंकज तिवारी, गणेश राय और सुशील साहू , बंधी धूरी से रामसहाय चक्रवर्ती और नीरज तंतुवाय, बहोरीबंद से विश्वनाथ श्रीवास और शाहिद सुल्तान, जनपद पंचायत रीठी से ग्राम पंचायत हरद्वारा, कठौतिया, नयाखेड़ा, करहिया ,धनिया से संदीप कुमार राय, राजेश कुमार पटेल, प्रकाश आदिवासी, शिवदयाल पटेल, उत्तम सिंह और चंदन सिंह अठया , इसी प्रकार जनपद पंचायत बड़वारा से कुआं, नदावन, बुजबुजा से उमाशंकर साकेत, अतुल त्रिपाठी, नीतू सिंह और विनय सिंह गहरवार, पनसोखर और बंदरी से विनय सिंह सोलंकी,प्रकाश यादव और पूजा नागर को कारण बताओ सूचना पत्र जारी कर समक्ष में उपस्थित होकर तीन दिवस में समाधान कारक जवाब मांगा है।

स्वच्छता से स्वास्थ्य तक, जागृति पार्क में आज होगा आयोजन

# "राहगीरी डे" बनेगा जन जागरूकता का सशक्त माध्यम

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

स्वच्छ सर्वेक्षण के अंतर्गत आयोजित होने वाली विभिन्न जन जागरूकता गतिविधियों के अंतर्गत , नगर निगम कटनी द्वारा शहर में स्वच्छता के साथ-साथ स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक अभिनव पहल की जा रही है। आज रविवार, 12 अप्रैल को प्रातः 7:00 बजे से 8:30 बजे तक जागृति पार्क में "राहगीरी डे" का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन नागरिकों को स्वच्छता के साथ स्वस्थ, सक्रिय और संतुलित जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करने का सशक्त माध्यम बनेगा।

नगर निगम प्रशासन का मानना है कि स्वच्छ वातावरण ही स्वस्थ जीवन की आधारशिला है। यदि नागरिक स्वच्छता को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाते हैं और नियमित शारीरिक गतिविधियों को अपनाते हैं, तो न केवल बीमारियों से बचाव संभव है, बल्कि जीवन की गुणवत्ता भी बेहतर होती है। इसी सोच के साथ "राहगीरी डे" को स्वच्छता और फिटनेस के साझा मंच के रूप में विकसित किया गया है।

### फिटनेस के साथ स्वच्छता का संदेश

कार्यक्रम में योग, जुंबा, रस्साकशी, चम्मच-नींबू दौड़, लंगड़ी, शतरंज, कैरम, सांप-सीढ़ी जैसे खेलों के माध्यम से शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को बढ़ावा दिया जाएगा। वहीं नुक्कड़ नाटक, रंगोली, संगीत एवं नृत्य प्रस्तुतियों के जरिए स्वच्छता और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता का संदेश दिया जाएगा। हॉर्स राइडिंग जैसी गतिविधियां भी आयोजन को आकर्षक बनाएंगी। इसके साथ ही विभिन्न जागरूकता स्टॉलों के माध्यम से नागरिकों को स्वच्छ आदतें अपनाने, प्लास्टिक के उपयोग को कम करने, और दैनिक जीवन में फिटनेस को शामिल करने के लिए प्रेरित किया जाएगा।

कार्यक्रम का उद्देश्य केवल मनोरंजन नहीं, बल्कि नागरिकों को यह समझाना है कि छोटी-छोटी अच्छी आदतें—जैसे नियमित व्यायाम, स्वच्छ परिवेश, और सक्रिय दिनचर्या—एक बेहतर और रोग मुक्त जीवन की कुंजी हैं। "राहगीरी डे" के माध्यम से इन आदतों को सामूहिक रूप से अपनाने का संदेश दिया जाएगा।

नगर निगम का मानना है कि जब नागरिक स्वयं जागरूक होकर सजगता के साथ स्वच्छता और स्वास्थ्य के प्रति जिम्मेदारी निभाते हैं, तभी शहर वास्तव में स्वच्छ और स्वस्थ बनता है। यह आयोजन उसी दिशा में एक सकारात्मक पहल है, जो आने वाले समय में एक बड़े जन आंदोलन का रूप ले सकता है।

निगमायुक्त तपस्या परिहार ने जनप्रतिनिधियों, पार्षदों, शहरवासियों, छात्र-छात्राओं एवं मीडिया से अपील की है कि वे इस आयोजन में सक्रिय भागीदारी निभाएं और स्वस्थ एवं स्वच्छ जीवनशैली को अपनाने का संकल्प लें।

# महापौर का बस स्टैंड क्षेत्र पर औचक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



शहर में स्वच्छता व्यवस्था को और अधिक बेहतर बनाने एवं जल निकासी तंत्र को सुचारू रखने के उद्देश्य से महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी ने क्षेत्रीय पार्षद ओमप्रकाश बल्ली सोनी एवं नगर निगम अधिकारियों के साथ बस स्टैंड स्थित नाले- नालियों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान महापौर ने नाले की वर्तमान स्थिति का अवलोकन करते हुए आवश्यक सुधार कार्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान महापौर ने पाया कि नाले में अवरोध के कारण जल निकासी प्रभावित हो रही है, जिसे ध्यान में रखते हुए उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि नाले की समयबद्ध मरम्मत कराई जाए एवं नियमित साफ-सफाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि जल निकासी व्यवस्था को सुचारू बनाए रखना नगर निगम की प्राथमिकता है, जिससे नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

महापौर ने बस स्टैंड परिसर का भी निरीक्षण करते हुए स्वच्छता व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बस स्टैंड जैसे सार्वजनिक स्थलों पर प्रतिदिन बड़ी संख्या में नागरिकों का आवागमन होता है, इसलिए यहां साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखा जाना आवश्यक है। उन्होंने स्वास्थ्य अमले को नियमित सफाई, कचरा उठाव एवं निगरानी व्यवस्था को और प्रभावी बनाने के निर्देश दिए। महापौर ने नागरिकों से संवाद कर अपील की कि वे शहर को स्वच्छ एवं व्यवस्थित बनाए रखने में अपना सहयोग दें। महापौर ने स्पष्ट किया कि नगर निगम क्षेत्र में स्वच्छता एवं मूलभूत सुविधाओं को लेकर निरंतर कार्य किया जा रहा है और इन व्यवस्थाओं को और बेहतर बनाने के लिए आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं।

## खबर संक्षेप



### रेत का अवैध परिवहन करते ट्रैक्टर-ट्राली जब्त

**बरही।** रेत का अवैध रूप से परिवहन करने पर खितौली पुलिस ने ट्रेक्टर ट्राली को जब्त किया है।खितौली पुलिस द्वारा अवैध रेत का परिवहन की सूचना पर ग्राम सलैया सिहोरा में दबिश दी। सलैया सिहोरा मेन रोड पर एक रेत से भरा हुआ बिना नंबर का ट्रैक्टर मिला। ड्राइवर पुलिस को देखकर भाग गया, ट्रैक्टर ट्राली समेत अवैध रूप से रेत का परिवहन करते पाए जाने पर समक्ष गवाहों के कब्जे में लेकर ट्रैक्टर ट्राली जप्त की गई तथा आवश्यक कार्रवाई करते हुए ट्रैक्टर ट्राली को सुरक्षित चौकी परिसर में खड़ा कराया गया। कार्यवाही में थाना प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार चौबे चौकी खितौली प्रभारी ऋषभ सिंह बघेल , प्र. आर सीताराम वर्मा ,आरक्षक अंकित बड़गैया की भूमिका रही।

### विधायक ने चिन्हित भूमि का किया निरीक्षण



**सिलौंडी।** जनपद पंचायत का पुराना भवन जर्जर हालत को लेकर जनपद पंचायत अध्यक्ष सुनीता दुबे की लगातार प्रयासों और बड़वारा विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह विकास के प्रति सक्रियता के साथ मुख्यमंत्री से चर्चा कर तुरंत नवीन भवन की अनुशंसा पर जनपद पंचायत नवीन भवन हेतु 5 करोड़ स्वीकृत हुआ। बड़वारा विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह ने अधिकारी कर्मचारी के साथ नवीन भवन की चिन्हित भूमि का निरीक्षण किया और अधिकारी कर्मचारी को आवश्यक निर्देश दिया। इस दौरान जनपद पंचायत अध्यक्ष सुनीता संतोष दुबे, एसडीएम निधि गोयल, जनपद पंचायत सीईओ युजुवेंद्र कोरी, मंडल अध्यक्ष नरेंद्र त्रिपाठी, सोनू गौतम, योगेंद्र सिंह ठाकुर, अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

### पुलिस बैंड की धुनों से युवाओं को किया जागरूक

**कटनी।** पुलिस भर्ती प्रक्रिया को लेकर युवाओं में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से पुलिस विभाग द्वारा विशेष जनजागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान के तहत छठवीं वाहिनी जबलपुर के पुलिस बैंड दल ने शहर के विभिन्न प्रमुख स्थानों पर भ्रमण कर लोगों को भर्ती संबंधी जानकारी दी।कार्यक्रम के दौरान मिशन चौक में आकर्षक प्रस्तुति दी गई, जहां पुलिस बैंड की मधुर धुनों ने नागरिकों और युवाओं का ध्यान आकर्षित किया। इस अवसर पर उपस्थित पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने युवाओं को पुलिस विभाग में शामिल होने के लिए प्रेरित करते हुए भर्ती प्रक्रिया, पात्रता, शारीरिक मापदंड और आवेदन प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी प्रदान की। अभियान में बड़ी संख्या में युवाओं और नागरिकों की सहभागिता रही। पुलिस विभाग का उद्देश्य अधिक से अधिक योग्य एवं इच्छुक युवाओं को भर्ती प्रक्रिया में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करना है, ताकि वे देश सेवा के अवसर का लाभ उठा सकें।पुलिस प्रशासन ने युवाओं से अपील की है कि वे भर्ती से संबंधित आधिकारिक सूचनाओं पर नजर रखें और निर्धारित समय अवधि में अवसर का लाभ उठाएं।

### निःशुल्क चिकित्सा शिविर में 248 रोगी हुये लाभान्वित

**कटनी।** विश्व होम्योपैथी दिवस हैनीमैन जयंती के अवसर पर जिले की 3 होम्योपैथी संस्थाओं जिला आयुष विंग, आयुष्मान आरोग्य मंदिर कछगवां जोबा एवं आयुष्मान आरोग्य मंदिर मुरवारी में निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में जिले के विशेषज्ञ होम्योपैथी चिकित्सकों द्वारा बदलते मौसम से संबंधित रोगों की जांच, उत्तम स्वास्थ्य हेतु आहार विहार, मौसमी बदलाव से होने वाले रोगों के उपचार, बीपी, शुगर की जांच, आमवात, संधिवात आदि रोगों का निःशुल्क ईलाज एवं होम्योपैथिक औषधियां वितरित की गई। शिविर में कुल 248 रोगियों ने लाभ प्राप्त किया।

---

रीठी थाना क्षेत्र में एक माह पूर्व हुई हत्या के मामले में पुलिस को मिली सफलता

# बदला लेने के लिये युवक का किया था कत्ल, बिहार से दबोचे गये फरार आरोपी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

हत्या के मामले में फरार चल रहे आरोपितों को रीठी पुलिस ने बिहार के पटना जिले से गिरफ्तार कर लिया है। रीठी थाना क्षेत्र के पारधी डेरे में लगभग एक माह पूर्व हुए जघन्य हत्याकांड के मामले में आरोपित फरार चल रहे थे जिन्हें गिरफ्तार कर कटनी लाया गया है। हत्याकांड का खुलासा हुआ तो कई चौंकाने वाले तथ्य पूछताछ में सामने आए। आरोपियों ने बताया कि उन्होंने पूर्व के वर्षों में हुई एक हत्या का बदला लेने के इरादे से उन्हतर पारधी को मौत से घाट उतार दिया था।

पुलिस अधीक्षक कटनी अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन में इस अंधे हत्याकांड के शीघ्र खुलासे के लिए विशेष टीम गठित की गई थी। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. संतोष डेहरिया एवं एसडीओपी रत्नेश मिश्रा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी रीठी के नेतृत्व में टीम ने कार्रवाई को अंजाम दिया।

विगत 12 मार्च 2026 को डिजाईन बाई ने सूचना दी थी कि ग्राम बूढ़ा ललितपुर में पुरानी रंजिश के चलते पारधी समुदाय के कुछ लोगों ने उनके पति उन्हत्तर पारधी को ऑटो से उतारकर अपने साथ ले जाकर बेरहमी से हत्या कर दी। हत्या के बाद शव को पहाड़ के नीचे गड्ढे में फेंक दिया गया। इस मामले में थाना रीठी में अपराध क्रमांक 125/26 के तहत विभिन्न धाराओं में प्रकरण दर्ज कर विवेचना शुरू की गई।



### बिहार भेजी गई टीम

घटना के बाद आरोपी अपने डेरे सहित फरार हो गए थे। लगातार दबिश के बावजूद उनका सुराग नहीं मिल रहा था। इसी दौरान सूचना मिली कि आरोपी बिहार के पटना जिले में छिपे हुए हैं। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर विशेष टीम बिहार भेजी गई, जिसने गोपनीय तरीके से जानकारी जुटाकर आरोपियों की घेराबंदी की और कड़ी मशक्कत के बाद उन्हें गिरफ्तार कर लिया। इस मामले में पुलिस ने मेहराज पारधी, टन्नी पारधी, अजूबा पारधी, ओकीन पारधी, सोजन पारधी को ट्रांजिट रिमांड पर कटनी लाकर न्यायालय में पेश किया गया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 2 चाकू, 1 बका, 1 डंडा, 1 मोटरसाइकिल जब्त की है।



### कार्रवाई में इनकी रही भूमिका

इस पूरी कार्रवाई में थाना प्रभारी रीठी निरीक्षक मोहम्मद शाहिद सहित पुलिस टीम एवं साइबर सेल के अधिकारियों, कर्मचारियों की अहम भूमिका रही। कटनी पुलिस की इस कार्रवाई ने न केवल एक जघन्य हत्याकांड का पर्दाफाश किया, बल्कि फरार आरोपियों को दूसरे राज्य से पकड़कर पुलिस की तत्परता और दक्षता का भी परिचय दिया है।

---



# प्रतिबंध का आदेश दरकिनार, नरवाई में लगाई जा रही आग

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद

गेंहू की कटाई का कार्य चल रहा है जो समाप्ति की ओर है। साथ ही ग्रीष्मकालीन सीजन के कृषि कार्य की तैयारियां भी कृषको के द्वारा शुरू कर दी गई है।खेतो को तैयार करने कृषक खेतो में फसल काटने के बाद खेत में आग लगाकर नरवाई जला रहे है जिससे पर्यावरण प्रदूषण व मिट्टी की उर्वरा शक्ति खराब हो रही है। जबकि गत दिवस जिले के अपर कलेक्टर के द्वारा आपदा प्रबंधन अधिनियम 2005 की उपधारा 30 के तहत नरवाई जलाने पर रोक लगाई गई थी। लेकिन बहोरीबंद विकासखण्ड के कृषक अपने खेतों में आग लगाकर ग्रीष्मकालीन मूंग व उड़द की बोवनी के लिए खेत जलाकर तैयार कर रहे हैं।गेंहू कटाई-मिसाई कार्य होने के बाद यह क्रम जोरों से आरंभ हो गया है। रोज जगह जगह खेतों से उठते धुंए एवं आग की लपटों से इसे आसानी से समझा जा सकता है।जबकि वर्तमान दौर मे फसलों के छूटे अवशेषों को नष्ट करने के लिए कई आधुनिक उपकरण आ गए हैं। इसके बावजूद किसान नरवाई जलाकर ही खेत साफ कर रहे है। जिससे पर्यावरण तो दूषित होता ही है, खेतों के मित्र कीट भी नष्ट होते हैं।

इस संबंध मे कृषि विभाग के एसएडीओ अमर सिंह एमा का कहना है कि इस ओर किसानों को जागरूक करने का अभियान चलाया जाएगा व खेत में आग लगाने के दुष्परिणामों से किसानों को अवगत कराया जाएगा । जिससे किसान खेत में आग न लगाएं।

### इनका कहना है

एसडीएम बहोरीबंद राकेश चौरसिया का कहना है कि खेतो में नरवाई जलाने पर प्रतिबंध है। यदि कृषको के द्वारा ऐसा किया जा रहा है निरीक्षण किया जाएगा। कृषक नरवाई जलाते मिलेगा उस पर आपदा प्रबंधन अधिनियम के तहत कारवाई भी की जाएगी।

---

# कमिश्नर के आदेश का एक साल बाद भी पालन नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरही

कमिश्नर न्यायालय जबलपुर के आदेश का 1 साल बीतने के बाद भी जिला पंचायत ने पालन नही किया है, जिससे आदेश की फाइल जिला पंचायत सीईओ के आफिस में धूल खा रही। मामला बड़वारा विकासखंड के ग्राम पंचायत वनगवां अंतर्गत ग्राम खन्ना स्थित संदीप कालोनी और पंचमुखी कॉलोनी में कालोनाइजर द्वारा शासन के खाते में विकास कार्य के लिए 1 करोड़ रुपए से अधिक राशि जमा करने के बाद भी यहां सड़क, नाली निर्माण और प्रकाश व्यवस्था के लिए विद्युत पोल की व्यवस्था अब तक नही की गई, जबकि कमिश्नर जबलपुर के पारित आदेश पर उक्त दोनों कालोनियों की विकास राशि जिला पंचायत के खाते में जमा भी हो चुकी है।



एसडीएम विजयराघवगढ़ विकास गुप्ता को कालोनी के रहवासियों ने ज्ञापन सौपकर यहां विकास कार्य कराए जाने की मांग की है। वार्ड पंच अजय पांडेय के नेतृत्व में अधिवक्ता मनीष दुबे, संजीव उपाध्याय, सुखेन्द्र मिश्रा, अन्नू तिवारी आदि ने विजयराघवगढ़ एसडीएम को इस मामले में त्वरित कार्यवाई करने की मांग की है। कमिश्नर न्यायालय जबलपुर संभाग से 1 वर्ष पूर्व 26 मार्च 2025 को इस आदेश पारित हुआ था, जिसमे विकास कार्यो के लिए निर्धारित राशि का 30 फीसदी जमा के तत्काल बाद विकास कार्य प्रारंभ के निर्देश जिला पंचायत कटनी को दिए गए थे। दोनों कालोनाइजर द्वारा 6 माह पूर्व विकास कार्य की सम्पूर्ण निर्धारित राशि जिला पंचायत में जमा करा दी गई, वाबजूद इसके अभी तक कोई पहल नही की गई। संदीप कालोनी में 4 सीसी सड़क 1210 मीटर की लागत राशि 38 लाख 72 हजार, 8 सीसी नाली निर्माण 2370 मीटर लागत राशि 16 लाख 6 हजार और विद्युत पोल 30 नग हाइड्रोजन लाईट, केबिल लाईन एवं ट्रांसफार्मर सहित लागत राशि 12 लाख 98 हजार कुल राशि 67 लाख 76 हजार रुपए की निर्धारित राशि कालोनाइजर संदीप अग्रवाल द्वारा जमा की जा चुकी है।पंचमुखी कालोनी के लिए 32. 95611 लाखपंचमुखी कालोनी में विकास कार्यो के लिए 32 लाख 95 हजार 611 रुपए की निर्धारित राशि से यहां 4 सीसी रोड 622 मीटर लागत 18.80 लाख, 4 सीसी नाली निर्माण 1244 मीटर लागत राशि 8.44 लाख, विद्युत पोल 18 नग मय हैलोजन, केबिल एवं ट्रांसफार्मर सहित 5.71611 लाख की राशि जमा हो चुकी है।

गौरतलब है कि बरही संदीप कालोनी, पंचमुखी कालोनी क्षेत्र में ही तहसील न्यायलय, थाना, मंडी, कालेज, व्यवहार न्यायालय सहित अन्य सरकारी विभाग संचालित है।

---

## लैंगिक समानता की ब्रांड एंबेसडर से मिली सरपंच काजल




राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान की थीम महिला एवं बालिका हितैषी पंचायत तेवरी जनपद पंचायत बहोरीबंद की युवा सरपंच सुश्री काजल रजक ने गत दिवस भोपाल में लैंगिक समानता की ब्रांड एंबेसडर एवं हिंदी फिल्मों की मशहूर अदाकारा कृति सेनन से भेंट कर अपने विचार साझा किए। जिला पंचायत सीईओ सुश्री हरसिमरनप्रीत कौर द्वारा जिले में लैंगिक समानता को बढ़ावा देने की पहल किए गए जाने के फलस्वरुप ऐसा होना संभव हुआ जब कटनी की युवा जनप्रतिनिधि कृति सेनन से रूबरू होकर अपनी बात रख सकीं। लैंगिक समानता की ब्रांड एंबेसडर एवं मशहूर अदाकारा कृति सेनन द्वारा भोपाल का दौरा करने का उद्देश्य भारत सरकार विजिलेंस राज मंत्रालय द्वारा सबसे पहले 'महिला एवं बालिका हितैषी पंचायत' (महिला एवं बालिका हितैषी पंचायत) के बारे में चर्चा और संवाद करना था। यूएनएफपीए (यूएनएफपीए), पंचायत राज एवं ग्रामीण विकास विभाग के ज्ञान भागीदार (नॉलेज पार्टनर) के रूप में मध्यप्रदेश के 83 ग्रामों के प्रोजेक्ट में इस पहल को लागू किया जा रहा है। कृति सैनन ने सरपंचों के साथ चर्चा की और सफलता की कहानियां सुनी। यूएनएफपीए की लिंग सहायक राजदूत कृति सैनन ने मध्यप्रदेश में 'महिला एवं बालिका हितैषी पंचायत' की शुरुआत की। यूएनएफपीए के सहयोग से पहले 83 ग्रामों की लड़कियों और महिलाओं को नशामुक्त बनाने के लिए काम कर रहा है।

---

# सख्त हुए पुलिस कप्तान, 10 अधिकारी, कर्मचारियों पर की दंडात्मक कार्यवाही

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

पुलिस कप्तान अभिनय विश्वकर्मा द्वारा कर्तव्यों में लापरवाही, अनुशासनहीनता और वरिष्ठ अधिकारियों के आदेशों की अवहेलना के मामलों की समीक्षा करते हुए 10 अधिकारियों, कर्मचारियों के विरुद्ध सख्त दंडात्मक कार्रवाई की गई।

विभागीय जांच में दोषी पाए गए प्रधान आरक्षक, आरक्षक वर्ग के कर्मचारियों की एक वेतन वृद्धि (असंचयी प्रभाव से) रोक दी गई। बिना अनुमति ड्यूटी से अनुपस्थित रहने वाले एक थाना अधिकारी पर भी यही कार्रवाई की गई। न्यायालयीन प्रकरणों में विवेचना में देरी करने वाले दो उप-निरीक्षकों पर 5-5 हजार रुपए का जुर्माना लगाया गया। विभागीय जांच को लंबित रखने पर एक सूबेदार, लाइन अधिकारी पर भी 5 हजार का अर्थदंड अधिरोपित किया गया।

### विभागीय जांच प्रस्तावित

एक उप-निरीक्षक द्वारा नाबालिग बालिका के मामले में थाना प्रभारी के निर्देशों की अवहेलना, वैधानिक कार्रवाई में देरी और वरिष्ठ अधिकारी से अमर्यादित व्यवहार करने पर कड़ा रुख अपनाते हुए एक माह के वेतन का 50% काटने का दंड दिया गया। शासकीय गोपनीयता भंग करने वाले एक उप-निरीक्षक के विरुद्ध विभागीय जांच प्रस्तावित की गई है। जांच लंबित रखने वाले चौकी प्रभारी एवं विशेष ड्यूटी से अनुपस्थित रहने वाले प्रधान आरक्षकों की सर्विस बुक में निंदा प्रविष्टि दर्ज की गई।

कंट्रोल रूम के समापन पर पुलिस अधीक्षक ने स्पष्ट कहा कि विभाग में किसी भी प्रकार की लापरवाही या अनुशासनहीनता बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### कोताही पर कार्यवाही तय

एसपी ने स्पष्ट शब्दों में आगाह करते हुए कहा की आम जनता से जुड़े मामलों का समयसीमा में निराकरण करें। वरिष्ठ अधिकारियों के आदेशों का अक्षरशः पालन करें। कर्तव्यों के प्रति सजग रहें, अन्यथा और कठोर कार्रवाई (निलंबन/सेवा समाप्ति) की जाएगी। जनता की सेवा और कानून का शासन स्थापित करना है, इसमें किसी भी स्तर पर शिथिलता अक्षम्य है।

---

निगम आयुक्त ने स्वच्छ सर्वेक्षण के कार्यों की समीक्षा कर दिये निर्देश

# निर्धारित पैरामीटर के साथ जिम्मेदारी से करें कार्य, कोताही नहीं बरतने हिदायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

स्वच्छ सर्वेक्षण 2025 को दृष्टिगत रखते हुए नगर निगम प्रशासन द्वारा शहर की सफाई व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ एवं सुचारू बनाने के उद्देश्य से रोजाना किए जा रहे प्रयासों एवं गतिविधियों की शुक्रवार शाम निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार द्वारा समीक्षा की जाकर नोडल अधिकारियों एवं एवं स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

निगमायुक्त सुश्री परिहार द्वारा समीक्षा बैठक के दौरान वार्डवार नियुक्त नोडल अधिकारियों से वार्ड स्तर पर संचालित स्वच्छता गतिविधियों एवं सफाई कार्यों का फीडबैक लिया गया।बैठक में निगमायुक्त द्वारा प्रत्येक वार्ड की साफ-सफाई, कचरा संग्रहण, डोर-टू-डोर कलेक्शन, सार्वजनिक स्थलों की स्वच्छता एवं निर्धारित मापदंडों के अनुरूप किए जा रहे कार्यों की विस्तार से समीक्षा की गई। नोडल अधिकारियों ने अपने-अपने क्षेत्रों की स्थिति से अवगत कराते हुए कार्यों में आ रही समस्याओं एवं सुधार की संभावनाओं पर भी चर्चा की।



निगमायुक्त ने निर्देशित किया कि सभी अधिकारी-कर्मचारी स्वच्छ सर्वेक्षण के निर्धारित पैरामीटर्स के अनुरूप पूरी गंभीरता और जिम्मेदारी के साथ कार्य करें। सफाई व्यवस्था में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए, इसके लिए अधिकारी कर्मचारी समय पर अपने दायित्वों में उपस्थित होकर नियमित मॉनिटरिंग के माध्यम से कार्यों में गुणवत्ता सुनिश्चित करें।

निगमायुक्त ने बैठक के दौरान कंट्रोल रूम में प्राप्त होने वाली स्वच्छता संबंधी शिकायतों पर तत्परता से कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देशित किया कि जिन शिकायतों का त्वरित निराकरण नहीं किया जा सकता उनका निराकरण अनिवार्य रूप से दो दिवस के भीतर कराना सुनिश्चित करें। निगमायुक्त ने नोडल अधिकारियों को रोजाना वार्ड की एक गली का भ्रमण कर उसकी सफाई व्यवस्था दुरुस्त कराने के निर्देश दिए। वही प्राप्त कमियों की रोजाना रिपोर्टिंग करने, सेग्रीगेशन हेतु रोजाना 10 घरों से संपर्क कर गीला सूखा कचरा अलग अलग देने, सार्वजनिक स्थलों पर गंदगी फैलाने वालों पर जुर्माना लगाने, डेयरी संचालकों को नोटिस जारी करने व्हाट्सएप ग्रुप में प्रत्येक वार्ड के नागरिकों को जोड़ने सहित सफाई व्यवस्था को सुचारू रखने के संबंध में कई महत्वपूर्ण दिशा निर्देश दिए।

---

## स्वच्छता एक दिन का कार्य नहीं बल्कि रोजाना की जिम्मेदारी है

# महापौर ने जनसहभागिता से मंदिर परिसर में सफाई कर दिया स्वच्छता का संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

स्वच्छ कटनी के संकल्प को साकार करने की दिशा में शनिवार को विवेकानंद वार्ड स्थित खेरमाई मंदिर प्रांगण में वृहद स्वच्छता अभियान का सफल एवं प्रभावी आयोजन किया गया। महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी के नेतृत्व में आयोजित इस अभियान ने न केवल सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ किया, बल्कि जनभागीदारी के माध्यम से स्वच्छता के प्रति जागरूकता का सशक्त संदेश भी दिया।

अभियान में मेयर इन काउंसिल सदस्य एवं क्षेत्रीय पार्षद सुरेंद्र गुप्ता, पूर्व महापौर डी.डी बैनर्जी,पार्षद शकुंतला सोनी,सीमा श्रीवास्तव सहित अन्य जनप्रतिनिधि, प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी, क्षेत्रीय स्वच्छता प्रभारी दीपक अग्निहोत्री,निगम के अन्य कर्मचारी, आईईसी टीम एवं बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों ने सक्रिय सहभागिता निभाई। सभी ने मिलकर मंदिर परिसर, आसपास के मार्गों एवं सार्वजनिक स्थलों की सफाई कर स्वच्छता का उदाहरण प्रस्तुत किया। इस दौरान झाड़ू लगाया जाकर कचरा संग्रहण एवं पानी से धुलाई जैसे कार्य प्राथमिकता के साथ किए गए, जिससे पूरे क्षेत्र में स्वच्छता का सकारात्मक वातावरण निर्मित हुआ। महापौर श्रीमती सूरी ने अभियान के दौरान उपस्थित नागरिकों को संबोधित करते हुए कहा कि स्वच्छता केवल एक दिन का कार्य नहीं, बल्कि यह हम सभी की निरंतर जिम्मेदारी है।



उन्होंने कहा कि यदि प्रत्येक नागरिक अपने घर एवं आसपास के क्षेत्र को स्वच्छ रखने का संकल्प ले, तो पूरा शहर स्वतः ही स्वच्छ और सुंदर बन सकता है। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे गीले एवं सूखे कचरे को अलग-अलग एकत्रित करें, कचरा निर्धारित स्थान पर ही डालें और नगर निगम द्वारा संचालित व्यवस्थाओं में सहयोग प्रदान करें।

इस अवसर पर महापौर द्वारा वार्ड के सभी नागरिकों को माला पहनाकर सम्मानित भी किया गया, जिन्हें विभिन्न शासकीय योजनाओं का लाभ प्राप्त हो रहा है। यह सम्मान उनके योगदान एवं योजनाओं के सफल क्रियान्वयन में सहभागिता के प्रतीक स्वरूप प्रदान किया गया।

अभियान के दौरान नागरिकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करते हुए यह भी बताया गया कि स्वच्छ वातावरण न केवल शहर की सुंदरता को बढ़ाता है, बल्कि यह स्वास्थ्य के लिए भी अत्यंत आवश्यक है। जनप्रतिनिधियों ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि स्वच्छता को जनआंदोलन का रूप देना समय की आवश्यकता है, जिसमें प्रत्येक नागरिक की भागीदारी अनिवार्य है।

महापौर ने कहा स्वच्छता सर्वेक्षण को ध्यान में रखते हुए शहर के विभिन्न वार्डों में आगे भी इस प्रकार के अभियान लगातार आयोजित किए जाएंगे। साथ ही सफाई व्यवस्था की नियमित मॉनिटरिंग कर यह सुनिश्चित किया जाएगा कि शहर के प्रत्येक क्षेत्र में स्वच्छता बनी रहे और नागरिकों को बेहतर वातावरण प्राप्त हो।

इस अवसर पर उपस्थित सभी लोगों ने स्वच्छता बनाए रखने का संकल्प लिया और शहर को स्वच्छ, सुंदर एवं व्यवस्थित बनाने के लिए मिलकर कार्य करने का संदेश दिया।

---



# फूलों की खेती का किया शैक्षणिक भ्रमण, निकाली जागरूकता रैली

हरिभूमि न्यूज ⏭ उमरियापान

मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम के अंतर्गत आयोजित अतिरिक्त कक्षाओं एवं सह-शैक्षणिक गतिविधियों के तहत छात्र-छात्राओं को ग्राम इमलिया में फूलों की खेती का शैक्षणिक भ्रमण कराया गया। इस दौरान स्थानीय किसान मस्तराम हल्दकार ने विद्यार्थियों को फूलों की उन्नत खेती, उत्पादन तकनीक और उससे होने वाले आर्थिक लाभों की विस्तृत जानकारी दी। मप्र जन अभियान परिषद ढीमरखेड़ा की विकासखंड समन्वयक बबीता शाह ने छात्र-छात्राओं को पाठ्यक्रम से संबंधित विभिन्न गतिविधियों की जानकारी देते हुए बताया कि शैक्षणिक भ्रमण, असाइनमेंट एवं प्रयोगशाला ग्राम में किस प्रकार योजनाबद्ध तरीके से गतिविधियों का संचालन किया जाए। इसी क्रम में प्रयास सेवा संगठन इमलिया के तत्वावधान में जल गंगा संवर्धन अभियान के द्वितीय चरण के अंतर्गत गांव में जल संरक्षण को लेकर जन-जागरूकता रैली निकाली गई।

## खबर संक्षेप

### पूर्व सरपंच दशरथ पांडे का निधन

**पन्ना।** जिले के अमानगंज तहसील क्षेत्र के ग्राम रामपुर क्षेत्र से ऊर्जावान नेता के रूप में पहचान देने वाले पूर्व सरपंच दशरथ पांडे का आधी रात साइलेंट अटैक आज आने से निधन हो गया उनकी उम्र तक जीवन 70 वर्ष बताई जा रही है यह खबर जैसे ही उनके परिजनों नाते रिश्तेदारों में फैली चारों ओर दुख की लहर दौड़ गई और सभी एक जुट होकर उनके निवास पहुंचे उनका अंतिम संस्कार उनके गृह ग्राम रामपुर में हुआ जहां भारी संख्या में स्थानीय क्षेत्रीय लोग पहुंचे और मुखाग्निक उनके बड़े पुत्र सरपंच अनिल पांडे नोनू ने दी है ज्ञात हो कि आप एक मिलनसार व्यक्ति होने के साथ ही सामाजिक एवं धार्मिक कार्यकर्ता के रूप में एक बड़ी पहचान उसे क्षेत्र में बना चुके थे चार बार आप अपने ग्राम से सरपंच पद पर रहकर आम जनमानस की सेवा कर चुके हैं।

### रूंझ एवं मझगांय बांध परियोजना क्षेत्र की 5 किमी परिधि में धारा 163 प्रभावशील

**पन्ना।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट ऊषा परमार ने अनुविभागीय मजिस्ट्रेट अजयगढ़ के प्रतिवेदन पर तत्काल प्रभाव से रूंझ एवं मझगांय बांध परियोजना क्षेत्र के 5 किलोमीटर की परिधि में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 के तहत धारा 163 में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग कर प्रतिबंधात्मक आदेश पारित किया है। उक्तादेश 8 अप्रैल 2026 से दो माह तक प्रभावशील रहेगा। इसके उल्लंघन पर संबंधित व्यक्ति के विरूद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 223 के तहत कार्यवाही की जाएगी।

## तारादेही पुलिस की बड़ी कार्रवाई, आरोपी फरार

# पुलिसे ने पकड़ी 19 पेटी अवैध शराब

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेड़ा/तारादेही



दमोह पुलिस अधीक्षक श्रुतकीर्ति सोमवंशी एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुजीत कुमार भदौरिया के निर्देशन तथा तेंदूखेड़ा एसडीओपी अर्चना अहीर के मार्गदर्शन में तारादेही पुलिस ने अवैध शराब के कारोबार पर कड़ा प्रहार किया है। मुखबिर की सटीक सूचना पर पुलिस ने ग्राम तारादेही के बायपास तिराहे पर स्थित एक मकान में दबिश देकर भारी मात्रा में अवैध शराब का भंडारण बरामद किया है। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने बताया कि साहिल पिता राजेश घोषी (निवासी तारादेही) की ऑटोपार्ट्स की दुकान के पीछे वाले कमरे की तलाशी ली। यहाँ से पुलिस को 19 पेटी अवैध शराब मिली, जिसमें देशी प्लेन, लाल मसाला और सागर गोल्ड व्हिस्की शामिल है। पुलिस ने कुल 932 पाव (167.76 लीटर) शराब जब्त की है, जिसकी कुल कीमत 98,060 रुपये आंकी गई है। पुलिस ने शराब को कब्जे में लेकर आरोपी साहिल घोषी के विरुद्ध आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है। आरोपी अभी फरार है पुलिस ने कहा कि जल्द गिरफ्तारी कर उसे न्यायालय में पेश किया जाएगा। इस सफल कार्रवाई में थाना प्रभारी उप निरीक्षक आलोक तिरपुडे, का.वा.उनि रमेश सिंह मुडरया, प्र.आर. 282 तुलसीराम ठाकुर, आर. 780 राजेन्द्र सिंह, आर. 102 पंकज प्यासी, आर. 375 बलराम सिंह, आर. 64 भगत सिंह, आर. 741 राममनोहर यादव और डायल 112 पायलट की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## सिंग्रामपुर में 33/11 केवी उपकेंद्र का औचक निरीक्षण

# उपकेंद्र में व्यवस्थाओं पर जताई नाराजगी, सुधार के दिए निर्देश



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिंग्रामपुर

अधीक्षण अभियंता महोदय श्री अमित चौहान द्वारा 33/11 केवी उपकेंद्र सिंग्रामपुर का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विद्युत व्यवस्था, विशेषकर कृषि फीडरों की स्थिति का गहन अवलोकन किया। कृषि फीडरों पर लगातार बढ़ते लोड को लेकर उन्होंने गहरी नाराजगी व्यक्त की और संबंधित अधिकारियों को तत्काल आवश्यक सुधारात्मक कदम उठाने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान मूंग एवं उड़द फसलों के लिए लगाए गए ट्रांसफार्मरों (टीसी) की जांच भी की गई। अधीक्षण अभियंता ने स्पष्ट रूप से निर्देशित किया कि जहां-जहां आवश्यकता हो, वहां अस्थायी कृषि कनेक्शन बढ़ाए जाएं, ताकि किसानों को सिंचाई में किसी प्रकार की परेशानी न हो। उन्होंने कहा कि किसानों को प्राथमिकता देते हुए उन्हें नियमित और पर्याप्त विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। उन्होंने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि सभी कृषि उपभोक्ताओं को प्रतिदिन कम से कम 10 घंटे निर्बाध विद्युत प्रदाय सुनिश्चित किया जाए। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। साथ ही, फीडरों की मॉनिटरिंग बढ़ाने और ओवरलोड की समस्या को शीघ्र समाप्त करने के निर्देश भी दिए गए। इसके अलावा अधीक्षण अभियंता ने समाधान योजना के अंतर्गत आयोजित कैंप का भी निरीक्षण किया। इस दौरान यह सामने आया कि कुल 9880 उपभोक्ताओं में से मात्र 3500 उपभोक्ताओं को ही योजना का लाभ मिल सका है, जिस पर उन्होंने असंतोष व्यक्त किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि शेष सभी उपभोक्ताओं तक योजना का लाभ पहुंचाने के लिए प्रत्येक ग्राम में विशेष शिविर आयोजित किए जाएं। उन्होंने कहा कि शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचना चाहिए, इसके लिए विभागीय अमले को पूरी जिम्मेदारी के साथ कार्य करना होगा। उन्होंने अभियान चलाकर शत-प्रतिशत उपभोक्ताओं को समाधान योजना से जोड़ने के निर्देश दिए। निरीक्षण के अंत में उन्होंने अधिकारियों को चेतावनी दी कि यदि विद्युत व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ तो संबंधितों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस मौके पर विभाग के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

## बनवार में एचपीवी वैक्सीनेशन कैंप, 100 से अधिक बालिकाओं को लगा टीका



**जबेरा।** केंद्र सरकार द्वारा सर्वाइकल कैंसर (बच्चेदानी के मुंह का कैंसर) से बचाव के लिए शुरू किए गए एचपीवी (ह्यूमन पैपिलोमावायरस) टीकाकरण अभियान के तहत बनवार में विशेष वैक्सीनेशन कैंप का आयोजन किया गया। यह टीका 9 से 14 वर्ष की बालिकाओं के लिए लगाया जाना है। सरकार द्वारा चलाई जा रही मुफ्त टीकाकरण योजना के अंतर्गत आयोजित इस कैंप में 100 से अधिक बालिकाओं का सफलतापूर्वक टीकाकरण किया गया। कार्यक्रम का संचालन ब्लॉक मेडिकल टीम के सहयोग से किया गया, जिसमें ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर डॉक्टर डी.के. राय के मार्गदर्शन में मेडिकल ऑफिसर डॉक्टर सौरभ सुमन की अहम भूमिका रही। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि एचपीवी वैक्सीन सर्वाइकल कैंसर सहित अन्य एचपीवी से संबंधित कैंसर से बचाव में अत्यंत प्रभावी है। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि वे अपनी बेटियों को इस महत्वपूर्ण टीकाकरण से जरूर जोड़ें, ताकि भविष्य में गंभीर बीमारियों से बचाव सुनिश्चित किया जा सके। कैंप के दौरान स्वास्थ्य कर्मियों ने बालिकाओं और उनके परिजनों को वैक्सीन के महत्व और इसके लाभों के बारे में भी जागरूक किया। स्थानीय लोगों ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे बालिकाओं के स्वास्थ्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया।

# विदुर की कूटनीति ही थी जिससे पांडव लाक्षागृह से सुरक्षित बच सके

**दमोह।** स्थानीय जबलपुर नाका स्थित पुरुषोत्तम लाल विश्वकर्मा के सहित ग्राम आमचौपरा स्थित उत्तम यादव के निवास पर एक साथ दो जगह अलग-अलग श्रीमद् भागवत कथा का वाचन कर रहे कथाव्यास आचार्य पंडित रवि शास्त्री महाराज ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को बुद्धिमत्ता धैर्य एवं स्वविवेक से कार्य करना चाहिए विदुर जी की कूटनीति ही थी जिससे पांडव लाक्षागृह से सुरक्षित बच सके, लाक्षागृह में पांडवों को मार डालने की योजना का पता शकुनि दुर्योधन कर्ण दुशासन के अतिरिक्त किसी को नहीं था लेकिन इन लोगों को पता था कि एक व्यक्ति है जो भावों की भाषा भी पकड़ सकते हैं वह है विदुर जी वह सभी लोग विदुर जी पर नजर रखने लगे विदुर जी का संदेह पुष्ट हुआ जब उनके गुप्तचरों ने योजना को उनसे बताया लेकिन ऐसा एकांत नहीं मिला कि विदुर जी युधिष्ठिर को सावधान कर सकें पांडवों को लाक्षागृह विदा करने सभी आये तो विदुर जी ने उनसे पूछा कि इस ऋतु में जंगल कैसा दिखता है वत्स युधिष्ठिर बोले बहुत सुंदर चारो तरफ पुष्प खिले है, विदुर जी ने कहा नहीं वत्स यह पलास के फूलों के खिलने की ऋतु है जंगल ऐसे लगता है जैसे आग लगी हो अच्छा तो यह बताओ कि जंगल की आग से कौन बच सकता है युधिष्ठिर बोले चूहा बच सकता है जो बिल में रहता है दुर्योधन यह सब सुनकर ठहाके लगा रहा था महात्मा विदुर तो हमेशा ज्ञान ही देते रहते है। लाक्षागृह पहुँचकर युधिष्ठिर विचार करने लगे कि महात्मा विदुर जैसे विद्वान व्यक्ति कभी भी कुछ भी अनावश्यक नहीं बोलते जंगल कि आग फिर कौन बच सकता है यह प्रश्न वह क्या कहना चाहते थे। तभी एक नागरिक एक उपहार लेकर आया युधिष्ठिर ने पूछा इसमें क्या है नागरिक उसने कहा चूहा है युवराज युधिष्ठिर ने आगे पूछा इसकी विशेषता क्या है वह बोला यह बिल बहुत अच्छी खोदता है युधिष्ठिर ने कहा काका विदुर कैसे है नागरिक उसने कहा आप मुझे सुरंग खोदने की आज्ञा दे समय बहुत कम है महाभारत में व्यास जी ने कहा यह चूहा नहीं वास्तव में विदुर की कूटनीति थी कूटिनीतिक भाषा सांकेतिक होती है वह प्रभावी तभी हो सकती है जब गोपनीय रहे। उसको पढ़ते विद्वत लोग ही है सामान्य व्यक्ति तो ठहाके लगाता है प्रत्यक्ष को ही प्रमाण मानता है आमचौपरा स्थित उत्तम यादव के निवास पर कथा का वाचन करते हुए व्यास जी ने कहा कि उर्मिला के विषय में उनकी निद्रा बड़ी प्रसिद्ध है जिसे उर्मिला निद्रा कहा जाता है अपने 14 वर्ष के वनवास में लक्ष्मण एक रात्रि के लिए भी नहीं सोये जब निद्रा देवी ने उनकी आँखों में प्रवेश किया तो उन्होंने निद्रा को अपने बाणों से बींध दिया जब निद्रा देवी ने कहा कि उन्हें अपने हिस्से की निद्रा किसी और को देनी होगी तब लक्ष्मण ने अपनी निद्रा उर्मिला को दे दी इसीलिए कहते हैं कि लक्ष्मण वन में 14 वर्षों तक जागते रहे और उर्मिला अयोध्या में 14 वर्षों तक सोती रही दक्षिण भारत में आज भी कुम्भकर्ण निद्रा के साथ-साथ उर्मिला निद्रा का भी जिक्र उन लोगों के लिए किया जाता है जिसे आसानी से जगाया ना सके ये इसलिए भी जरुरी था कि रावण के पुत्र मेघनाद को ये वरदान प्राप्त था कि उसे केवल वही मार सकता है जो 14 वर्षों तक सोया ना हो यही कारण था जब श्रीराम का राज्याभिषेक हो रहा था तो अपने वचन के अनुसार निद्रा देवी ने लक्ष्मण को घेरा और उनके हाथ से छत्र छूट गया इसी कारण वे सो गए और राम का राज्याभिषेक नहीं देख पाए उनके स्थान पर उर्मिला ने राज्याभिषेक देखा एक तरह से कहा जाये तो मेघनाद के वध में उर्मिला का भी उतना ही योगदान है जितना कि लक्ष्मण का जब लक्ष्मण के हाँथों मेघनाद की मृत्यु हो गयी तो उसकी पत्नी सुलोचना वहाँ आती है और क्रोध पूर्वक लक्ष्मण से कहती है हे महारथी तुम इस भुलावे में मत रहना कि मेरे पति का वध तुमने किया है ये तो दो सतियों के अपने भाग्य का परिणाम है यहाँ पर सुलोचना ने दूसरे सती के रूप में उर्मिला का ही सन्दर्भ दिया है यहाँ एक प्रश्न और आता है कि अगर उर्मिला 14 वर्षों तक सोती रही तो उसने अपने पति के आदेशानुसार अपने कटुम्ब का ध्यान कब रखा इसका जवाब हमें रामायण में ही मिलता है कि उर्मिला को ये वरदान था कि वो एक साथ तीन तीन जगह उपस्थित हो सकती थी और तीन अलग अलग कार्य कर सकती थी और उनका ही एक रूप 14 वर्षों तक सोता रहा वाकई उर्मिला के विरह और त्याग को जितना समझा जाये उतना कम है शायद इसीलिये सीता जी ने एक बार कहा था हजार सीता मिलकर भी उर्मिला के त्याग की बराबरी नहीं कर सकती।

# लघु उद्योग भारती महाकौशल की प्रादेशिक अंचल बैठक आज

## उद्योग सम्मेलन भी होगा आयोजित

**दमोह।** लघु उद्योगों के सशक्तिकरण एवं संगठनात्मक गतिविधियों को नई दिशा देने के उद्देश्य से लघु उद्योग भारती महाकौशल की प्रादेशिक अंचल बैठक का आयोजन दिनांक 12 अप्रैल (रविवार) को शहर के होटल अरिहंत रेसिडेंसी में किया जाएगा। इस महत्वपूर्ण बैठक में महाकौशल प्रांत के लगभग 20 जिलों से 150 से अधिक उद्योगपतियों के शामिल होने की जानकारी प्राप्त हुई है। बैठक की विशेषता यह रहेगी कि इसमें लघु उद्योग भारती के राष्ट्रीय एवं प्रादेशिक स्तर के वरिष्ठ पदाधिकारी अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराएंगे। विशेष रूप से राष्ट्रीय संगठन मंत्री प्रकाश चंद, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ताराचंद, पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं वर्तमान क्षेत्रीय प्रभारी वृजू भाई, तथा प्रदेश अध्यक्ष राजेश मिश्रा बैठक में शामिल होंगे। इनके साथ बड़ी संख्या में क्षेत्रीय एवं राष्ट्रीय पदाधिकारी एवं उद्यमी भी दमोह पहुंच रहे हैं। इस अंचल बैठक में संगठन की वर्षभर की गतिविधियों की समीक्षा की जाएगी तथा आगामी वर्ष की कार्ययोजना पर विस्तार से चर्चा कर महत्वपूर्ण निर्णय लिए जाएंगे। साथ ही लघु एवं सूक्ष्म उद्योगों के विकास, उनकी समस्याओं के समाधान एवं नए अवसरों के सृजन पर भी मंथन होगा। इसी क्रम में दोपहर 3:30 बजे से "उद्योगी सम्मेलन" का भी आयोजन किया गया है, जो इस कार्यक्रम का प्रमुख आकर्षण रहेगा। इस सम्मेलन में दमोह विधायक जयंत मलैया एवं कलेक्टर सुधीर कोचर विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। वे दमोह जिले में उद्योगों की असीम संभावनाओं पर उद्यमियों से सीधा संवाद करेंगे तथा विकास के नए आयामों पर चर्चा करेंगे। लघु उद्योग भारती दमोह के अध्यक्ष सेवंत गुजराती एवं सचिव दिलेश चौधरी ने संयुक्त रूप से जानकारी देते हुए बताया कि यह आयोजन महाकौशल क्षेत्र के उद्योगों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। इससे न केवल उद्योगपतियों के बीच आपसी समन्वय सुदृढ़ होगा, बल्कि दमोह जिले में औद्योगिक विकास को भी नई गति मिलेगी। उन्होंने सभी उद्योगपतियों एवं संबंधित पदाधिकारियों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने का आग्रह किया है।

### निशुल्क प्याऊ का शुभारंभ किया

**अमानगंज**- गर्मी के मौसम को ध्यान में रखते हुए नगर परिषद अमानगंज अध्यक्ष श्री मति सारिका शारदा खटीक और भाजपा मंडल अध्यक्ष पार्षद डॉ प्रशांत चतुर्वेदी, मुकेश राजू चौबे, श्रीमती राधा चौधरी, भाजपा जिला कोषाध्यक्ष दशरथ गुप्ता के द्वारा नगर के प्रमुख स्थानों पर निरूशुल्क प्याऊ का शुभारंभ किया गया।यह प्याऊ केवल एक दिन की पहल नहीं है, बल्कि आने वाले पूरे मौसम में निरंतर संचालित रहेगा। अमानगंज नगर परिषद अध्यक्ष ने कहा मैने संबंधित कर्मचारियों को निर्देश दिए हैं कि प्याऊ को स्वच्छ, सुचारु एवं व्यवस्थित रूप से संचालित किया जाए, ताकि हर नागरिक को शुद्ध पेयजल मिल सके।जन सेवा ही हमारा संकल्प है, और आपकी सुविधा ही हमारी प्राथमिकता।आप सभी से आग्रह है कि इस व्यवस्था का लाभ लें और इसे स्वच्छ बनाए रखने में सहयोग करें।

### तेज रफ्तार मोटरबाइक गिरी, दो युवक घायल

**अमानगंज**- पुलिस थाना क्षेत्र के टाइ मोड पास आज एक तेज रफ्तार मोटरबाइक जो अमानगंज से टाइ की ओर जा रही थी अचानक असंतुलित होकर गिर गई इस घटना में राजेंद्र सिंह पिता उज्जवल सिंह राजपूत उम्र 28 वर्ष निवासी ग्राम टाइ और नरेंद्र सिंह पिता चंदन सिंह राजपूत उम्र 32 निवासी टाइ घटना में घायल बताए गए हैं। जिन्हें प्राथमिक उपचार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अमानगंज में दिया गया और बताया गया की कोई गंभीर चोट नहीं है और कुछ ही समय बाद उनकी छुट्टी कर दी गई।

# नारी सशक्तिकरण अभियान के तहत भव्य कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबेरा



शनिवार को जबेरा शासकीय महाविद्यालय में नारी सशक्तिकरण अभियान के अंतर्गत एक प्रेरणादायक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में महिला मोर्चा अध्यक्ष अनुपम मिश्रा उपस्थित रहीं। साथ ही महिला स्व सहायता समूह से सविता रैकवार एवं कृष्णा रैकवार की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. कमल चौरसिया के निर्देशन में उपस्थित महिलाओं का सम्मान किया गया तथा मुख्य अतिथियों को भी सम्मानित किया गया। इसके उपरांत सभी को पुस्तक वितरण किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ. ममता सिंघई द्वारा किया गया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि महिलाएं आज हर क्षेत्र में अपनी महत्वपूर्ण भागीदारी निभा रही हैं और उनके लिए आरक्षण का प्रतिशत भी बढ़ा है। उन्होंने कहा कि "नारी मां दुर्गा का रूप है" तथा "यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते रमन्ते तत्र देवता" का संदेश समाज को दिशा देता है। इसके पश्चात राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम प्रभारी डॉ. रश्मि तिवारी एवं डॉ. भारती कपूर को बैच एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान ग्राम खैरी में आयोजित सात दिवसीय शिविर में उनके विशेष योगदान की सराहना की गई और उनके कर्तव्यनिष्ठा व ईमानदारी की प्रशंसा करते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। प्राचार्य डॉ. कमल चौरसिया ने अपने उद्बोधन में कहा कि महिलाएं आज सिविल सेवा से लेकर हर क्षेत्र में अपनी भागीदारी निभा रही हैं। उन्होंने महिलाओं के लिए संचालित विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए उनके सशक्तिकरण के लिए सरकार की प्रतिबद्धता पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के अंत में आभार प्रदर्शन डॉ. भारती कपूर द्वारा किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के स्टाफ एवं छात्राओं की सक्रिय भागीदारी रही।

# पर्यटन मंत्री ने मेधावी छात्राओं को प्रदान किये आचार्य श्री प्रतिभा प्रोत्साहन छात्रवृत्ति के चेक

**जबेरा।** विगत दिवस मध्यप्रदेश शासन के संस्कृति एवम पर्यटन मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी ने शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय जबेत के प्रयोगशाला एवम पुस्तकालय के लोकापर्ण समारोह में शिक्षक राजेश जैन द्वारा प्रतिभाशाली छात्राओं हेतु आचार्य श्री विद्यासागर प्रतिभा प्रोत्साहन छात्रवृत्ति के चेक वितरित किये ज्ञात हो कि शिक्षक द्वारा परीक्षा पूर्व घोषित



किया था कि जो छात्राएं मेरिट में स्थान प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम द्वतीय एवम तृतीय स्थान प्राप्त करेगी उन्हें आचार्य श्री विद्यासागर प्रतिभा प्रोत्साहन छात्र वृत्ति से पुरस्कृत किया जाएगा तो हाल ही में घोषित कक्षा आठवी की टोपर तीन छात्राओं जिया पटेल, मानसी चौधरी एवम कौशल्या पटेल को मंत्री महोदय के कर कमलों से ये चेक वितरित किये गए। वही आगामी दसवीं एवम बारहवीं परीक्षा के टोपर को परीक्षा परिणाम घोषित होने के पश्चात पुरस्कृत किया जाएगा। उक्त अवसर जॉय चिल्ड्रन अकैडमी के नवोदय में चयनित छात्र सुधांशू गौंड एवम प्राथमिक शिक्षिका के पद पर चयनित निकिता साहू तथा श्रुति मलैया को मोमेंटो एवम गोल्ड मैडल से सम्मानित किया गया उक्त अवसर पर सांसद प्रतिनिधि रूपेश सेन, राजेश सिंघई, विनोद मलैया, नीरज जायसवाल, ए डी पी सी शरद तिवारी बी ई ओ विनोद बाजपेई, प्राचार्य संजय बाजपेई, उपप्राचार्य अजय सिंघई, राजेश राय, राजेश जैन, जयंत सेन , सुनीता जैन , सुनीला पाटकर, रामेश्वर अहिरवार, अवधेश नामदेव सहित बड़ी संख्या में शिक्षक शिक्षिकाये एवम छात्र छात्राएं उपस्थित थी इस मौके पर मंत्री ने कहा विद्यार्थी जीवन सर्वोत्तम जीवन होता है इस समय अर्जित विद्या जीवन भर काम आती है।

# संसार त्यागकर अध्यात्म की राह पर चले 'खिलावन बाबा' को श्रद्धांजलि

**बनवार।** क्षेत्र के ग्राम भजिया निवासी एवं आध्यात्मिक व्यक्तित्व के धनी खिलावन बाबा (गणेशानंद जी) की स्मृति में शनिवार को श्रद्धा और आस्था का अनूठा संगम देखने को मिला। ग्रामीणों द्वारा उनके सम्मान में श्रद्धांजलि सभा, कन्या भोज और विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। उल्लेखनीय है कि बाबा का निधन 27 फरवरी को हुआ था, जिसके बाद से ही क्षेत्र में शोक की लहर थी। यादव समाज में जन्मे खिलावन बाबा ने करीब 35 वर्ष पूर्व सांसारिक जीवन का त्याग कर संन्यास धारण किया था। अपने आध्यात्मिक जीवन में उन्होंने दो बार मां नर्मदा की परिक्रमा की और चारों धाम की यात्रा पूर्ण कर धर्म और साधना का मार्ग अपनाया। वे 'परमहंस अखाड़ा' से जुड़े रहे और पुनासा डैम (खरगोन) में अपनी सेवाएं देते रहे। इससे पूर्व उन्होंने बरगी धाम में भी आश्रम बनाकर तपस्या की। ग्रामीणों ने शंकर घाट, भजिया जलाशय के पास बाबा के समाधि स्थल का निर्माण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर विधिवत पूजा-अर्चना के साथ कन्या पूजन और ब्राह्मण भोज का आयोजन किया गया।शनिवार, 11 अप्रैल 2026 को आयोजित इस धार्मिक कार्यक्रम में क्षेत्रभर से बड़ी संख्या में श्रद्धालु और अनुयायी शामिल हुए। विशाल भंडारे में हजारों लोगों ने प्रसाद ग्रहण कर बाबा के प्रति अपनी अटूट आस्था व्यक्त की। कार्यक्रम का आयोजन समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से संपन्न हुआ। पूरे आयोजन में श्रद्धा, सेवा और समर्पण का भाव स्पष्ट रूप से दिखाई दिया, जहां हर व्यक्ति ने बाबा की स्मृति को जीवंत बनाए रखने का संकल्प लिया।

# भागवत कथा में भक्ति, ज्ञान और वैराग्य के साथ धुंधकारी चरित्र का मार्मिक वर्णन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



मांगज वार्ड 4 में श्रीमद् भागवत कथा के दूसरे दिवस पर श्री शिव सांई धाम पुजारी कथा व्यास श्री कमलेश्वरानंद जी महाराज द्वारा भक्ति, ज्ञान और वैराग्य की महिमा का अत्यंत प्रभावशाली वर्णन किया गया। इस अवसर पर धुंधकारी चरित्र की कथा सुनाते हुए मानव जीवन के कर्म, पाप और प्रायश्चित के गूढ़ रहस्यों को सरल भाषा में समझाया गया। कथा में बताया गया कि भक्ति, ज्ञान और वैराग्य मानव जीवन के तीन ऐसे स्तंभ हैं, जिनके बिना आत्मा का कल्याण संभव नहीं है। जब व्यक्ति इनसे दूर हो जाता है, तो उसका जीवन पतन की ओर बढ़ता है। धुंधकारी का चरित्र इसी सत्य का उदाहरण प्रस्तुत करता है, जिसमें उसने अपने जीवन में गलत मार्ग अपनाया और अंततः उसे कष्ट भोगना पड़ा। कथा व्यास ने बताया कि धुंधकारी ने अपने दुष्कर्मों के कारण प्रेत योनि को प्राप्त किया, लेकिन उसके भाई गोकर्ण ने श्रीमद् भागवत कथा के श्रवण के माध्यम से उसे मुक्ति दिलाई। इस प्रसंग के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि भागवत कथा का श्रवण मात्र से भी जीवन के पाप नष्ट हो सकते हैं और आत्मा को शांति प्राप्त होती है। कार्यक्रम में उपस्थित प्रमुख श्रोता धनीराम श्रीमती पूनाबाई पटेल एवं श्रद्धालुओं ने कथा का श्रवण कर भाव-विभोर हो गए और भक्ति मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। कथा स्थल पर भजन-कीर्तन और धार्मिक वातावरण से पूरा परिसर भक्तिमय हो गया।

# एक साल में भी अधूरा आंगनबाड़ी, बिना तराई बन रही दीवारें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झलौन



जनपद पंचायत के अंतर्गत ग्राम पंचायत झलौन के वार्ड क्रमांक 12 में निर्माणाधीन आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 73 का भवन इन दिनों अपनी धीमी प्रगति और गुणवत्ता के कारण चर्चा का विषय बना हुआ है। लगभग एक वर्ष पूर्व करीब 12 लाख रुपये की लागत से स्वीकृत इस भवन का निर्माण कार्य विगत 8 महीनों से अत्यंत धीमी गति से चल रहा है, जिससे स्थानीय नागरिकों में असंतोष व्याप्त है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, गत वर्ष 25 जुलाई को पंचायत दर्पण के रिकॉर्ड के अनुसार लगभग 2 लाख 82 हजार रुपये की राशि ग्राम पंचायत द्वारा आहरित की जा चुकी है, किंतु इसके बावजूद निर्माण कार्य अपेक्षित गति से आगे नहीं बढ़ पाया है। स्थिति यह है कि कभी एक-दो दिन कार्य होता है तो फिर कई-कई दिनों तक निर्माण पूरी तरह बंद रहता है, जिससे यह कार्य जनचर्चा का विषय बन गया है।

सबसे गंभीर चिंता का विषय निर्माण की गुणवत्ता को लेकर है। फाउंडेशन से लेकर वर्तमान तक लगभग 3-4 फीट ऊंची दीवार की ईंट जुड़ाई की जा चुकी है, लेकिन उसमें नियमित रूप से पानी की तराई नहीं की जा रही है। निर्माण कार्य के दौरान तथा कार्य बंद रहने की अवधि में भी दीवारों और नींव की उचित देखभाल नहीं हो रही है, जिससे भवन की मजबूती पर प्रश्नचिह्न खड़ा हो गया है।

इसके अतिरिक्त, फाउंडेशन में भरी गई 4-5 फीट ऊंचाई तक की काली-पीली मिट्टी और मुरम में अब तक न तो पानी डाला गया है और न ही उसकी उचित तरीके से दबाई (पिटाई) की गई है, जिससे जमीन ठोस नहीं बन पाई है। विशेषज्ञों के अनुसार, इस प्रकार की लापरवाही से निर्मित भवन भविष्य में कमजोर साबित हो सकता है और कुछ ही वर्षों में क्षतिग्रस्त होने की आशंका बनी रहती है। स्थानीय ग्रामीणों ने संबंधित अधिकारियों से मांग की है कि निर्माण कार्य की गुणवत्ता की जांच कराई जाए तथा कार्य को नियमानुसार और समयबद्ध तरीके से पूरा कराया जाए, ताकि बच्चों के लिए सुरक्षित और टिकाऊ आंगनबाड़ी भवन उपलब्ध हो सके। साथ ही दोषी ठेकेदार एवं जिम्मेदार अधिकारियों पर उचित कार्रवाई की भी मांग की जा रही है।

## खबर संक्षेप

### जुआ फड़ पर पुलिस की दबिश में 6 जुआरी गिरफ्तार

**बनवार।** नोहटा थाना अंतर्गत बनवार चौकी पुलिस ने ग्राम लरगंवा में सुबह-सुबह बड़ी कार्रवाई करते हुए बस्ती के बीच संचालित हो रहे जुआ फड़ पर छापा मारा। मुखबिर की सूचना पर की गई इस कार्रवाई में पुलिस ने मौके से 6 जुआरियों को पकड़ लिया। जानकारी के अनुसार, ग्राम लरगंवा में एक बाड़े के भीतर जुआ फड़ जमा होने की सूचना पुलिस को मिली थी। जिस पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने मौके पर दबिश दी। छापेमारी के दौरान जुआ खेलते हुए 6 लोगों को रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 21,620 रुपये नगद एवं 52 पत्तों की ताश जब्त की है। सभी आरोपियों के खिलाफ जुआ अधिनियम की धारा 13 के तहत प्रकरण दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। इस कार्रवाई में चौकी प्रभारी मनीष यादव के नेतृत्व में प्रधान आरक्षक मुकेश शर्मा, आरक्षक नन्हेभाई, प्रियेश एवं सैनिक दुर्जन की सराहनीय भूमिका रही।

### द्वादशवर्षीय परीक्षा जैन स्कूल में आज दोपहर 1.30 बजे से

**दमोह।** पूज्य आचार्य श्री 108 विधासागर जी महाराज के आर्शीवाद से एवं पूज्य मुनि श्री 108 सुधा सागर जी महाराज की प्रेरणा से संचाचित द्वादशवर्षीय परीक्षा 2026 दिनांक 12 अप्रैल को दोपहर 1:30 बजे से जैन हायर सकेन्डरी स्कूल नसिया जी मंदिर के पास में सम्पन्न होगी। परीक्षा संयोजक संतोष जैन अविनाशी एवं संजीव शाकाहारी ने बताया कि इस वर्ष नन्नें मंदिर जी में मंदिर कार्य होने के कारण केन्द्र परिवर्तित किया गया है। अतः सभी परीक्षार्थी समय पर उपस्थित होकर परीक्षा में सम्मिलित होवे।

### निः शुल्क नेत्र परीक्षण शिविर आज

**हिण्डोरिया।** श्री सदगुरु सेवा संघ ट्रस्ट जानकी कुण्ड चित्रकूट सतना के तत्वावधान में स्थानीय राजेंद्र पाठक मेमोरियल हायर सेकेंडरी स्कूल परिसर में आज 12 अप्रैल 2026 को प्रातः 09 बजे से दोपहर 01 बजे तक विशाल निः शुल्क नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर में मोतियाबिंद के मरीजों को चिकित्सकों की जांचोपरांत चयनित कर संघ के वाहन से सदगुरु संघ नेत्र चिकित्सालय चित्रकूट ले जाया जायेगा। मरीज अपने साथ आधार कार्ड जरूर लेकर आयें। मरीजों के आवास, भोजन, दवाई आदि की व्यवस्था संघ की रहेगी।आयोजकों ने नेत्र रोग सम्बंधी मरीजों से शिविर का लाभ उठाने की अपील की है।

### जिले में तहसील स्तर पर शिक्षकों ने किया प्रदर्शन, ज्ञापन देकर रखी मांगें

# शिक्षक पात्रता परीक्षा निरस्त करने सहित अन्य मांगों को लेकर शिक्षकों ने किया प्रदर्शन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

शिक्षक पात्रता परीक्षा निरस्त किये जाने एवं सेवा अवधि की गणना नियुक्ति दिनांक से किये जाने की माँग को लेकर जिले भर में शिक्षक संघों के बैनर तले प्रदर्शन व ज्ञापन के दौर चलते रहे।

उक्त माँग को लेकर हटा ब्लॉक के शिक्षकों ने मुख्यमंत्री के नाम सम्बोधित एक ज्ञापन तहसीलदार आलोक जैन को सौंपा। अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चा के प्रांतीय आह्वान पर ब्लॉक इकाई हटा के नेतृत्व में एक विशाल ज्ञापन कार्यक्रम का आयोजन शनिवार शाम को आयोजित किया गया। कृषि उपज मंडी प्रांगण में एकत्रित हुए शिक्षकों ने अपनी मांगें दोहराते हुए कहा कि विपरीत परिस्थितियों में एवं संसाधनों के अभाव के बावजूद भी वर्षों से नौकरी कर रहे शिक्षकों पर आज का बनाया हुआ कानून लादना सरासर बेमानी है। शिक्षक संगठनों ने एक स्वर से अंतिम सांस तक संघर्ष करने का आव्हान करते हुए आगामी 18 अप्रैल को भोपाल के जम्बूरी मैदान में एकत्रित होने की रणनीति भी बनाई। संयुक्त मोर्चा के सदस्य संदीप सोनी ने प्रत्येक शिक्षक से भोपाल चलने और परीक्षा के बजाय बलिदान तक देने का आव्हान किया। शिक्षकों को कई वक्ताओं ने सम्बोधित किया और एक स्वर से एक बने रहने के लिए विभिन्न प्रेरणादायक उद्बोधन दिये। इसके बाद मंडी गेट से लाइन बनाकर पैदल चलते हुए शिक्षकों ने नारेबाजी की और मुख्यमंत्री के नाम सम्बोधित ज्ञापन तहसीलदार आलोक जैन को सौंपा। इस अवसर पर मुकेश सराफ सुनील सोनी देवेंद्र यादव जितेंद्र राजपूत निमिराज राजपूत मुरारी अहिरवार मुकेश पटैल मनोज नामदेव पूजा असाटी दीपशिखा दुबे देवेंद्र सिंह राजपूत सहित हजारों शिक्षकों की उपस्थिति रही।

### पटेरा में अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चा ने किया प्रदर्शन



**पटेरा।** ब्लॉक अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चा के बैनर तले पटेरा ब्लॉक में शिक्षकों ने टीईटी (टीचर एलिजिबिलिटी टेस्ट) परीक्षा की अनिवार्यता के विरोध में जोरदार प्रदर्शन किया। बड़ी संख्या में एकत्रित शिक्षकों ने अपनी मांगों को लेकर शासन के खिलाफ आवाज बुलंद की। प्रदर्शन के बाद मोर्चा के प्रतिनिधिमंडल ने मध्य प्रदेश शासन के मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन नायब तहसीलदार कु. मानसी अग्रवाल को सौंपा। ज्ञापन में टीईटी परीक्षा को अनिवार्य किए जाने का कड़ा विरोध करते हुए मांग की गई कि राज्य सरकार इस मामले में सर्वोच्च न्यायालय में पुनर्विचार याचिका दायर करे और परीक्षा की अनिवार्यता समाप्त की जाए। शिक्षकों का कहना है कि लंबे समय से कार्यरत अध्यापकों पर इस प्रकार की परीक्षा थोपना अनावश्यक दबाव और असंतोष पैदा कर रहा है। इसके अलावा, शिक्षकों ने सेवा संबंधी मांगें भी उठाईं। उन्होंने कहा कि अध्यापक शिक्षक संवर्ग की सेवा अवधि की गणना प्रथम नियुक्ति तिथि से की जाए। साथ ही पेंशन, मैच्योरिटी और अवकाश नगदीकरण के लाभ भी उसी आधार पर प्रदान किए जाएं। प्रदर्शन के दौरान शिक्षकों ने शासन से शीघ्र सकारात्मक निर्णय लेने की मांग की। उन्होंने चेतावनी दी कि मांगों पर विचार नहीं होने की स्थिति में आंदोलन को और तेज किया जाएगा। यह प्रदर्शन शिक्षा व्यवस्था से जुड़े मुद्दों पर शिक्षकों में बढ़ते असंतोष को दर्शाता है। अब देखना होगा कि सरकार इन मांगों पर क्या रुख अपनाती है।

### पथरिया में शिक्षकों के संयुक्त मोर्चा ने ज्ञापन सौंपा



**पथरिया।** अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चा के बैनर तले विकास खण्ड पथरिया के सैकड़ों शिक्षकों संयुक्त रूप से प्रदेश के मुख्यमंत्री के नाम अनुविभागीय अधिकारी पथरिया को ज्ञापन सौंपा जिसमें शिक्षकों द्वारा टीईटी परीक्षा पर पुनः विचार हेतु न्यायालय में म.प्र.शासन द्वारा याचिका दायर करने का अनुरोध किया साथ ही नवीन शैक्षणिक संवर्ग के शिक्षकों की लंबी समय से की जा रहीं ज्वलंत मांग को दृष्टिगत रखते हुए उनकी सेवा अवधि की गणना प्रथम नियुक्ति दिनांक से किए जाने हेतु आवश्यक आदेश जारी करने की माँग की जिसमें पेंशन ग्रेच्युटी एवं अवकाश नगदीकरण जैसे वैधानिक लाभ प्राप्त हो सकें,ज्ञापन पूर्व सभी शिक्षक एक रैली के रूप अनुविभागीय अधिकारी के कार्यालय पहुंचे जिसमें सभी संगठनों के पदाधिकारियों ने भाग लिया।

### जबेरा में शिक्षकों ने निकाली रैली, सौंपा ज्ञापन



**जबेरा।** प्रांतीय संयुक्त मोर्चा शिक्षक संघ के आह्वान पर जबेरा तहसील के शिक्षकों ने नियुक्ति दिनांक से वरिष्ठता की गणना एवम शिक्षक पात्रता परीक्षा की अनिवार्यता का आदेश निरस्त कराने की मांग को लेकर मुख्यमंत्री एवम दमोह सांसद के नाम जबेरा तहसीलदार को रैली के माध्यम से विरोध प्रदर्शन करते हुए एवम ज्ञापन सौपा । ज्ञापन सौपते वक्त संयुक्त मोर्चा के पदाधिकारियों एवम सभी सदस्यों ने एक स्वर में उद्बोधन देते हुए कहा कि यदि शिक्षक पात्रता परीक्षा निरस्त नही की जा सकती है तो फिर समस्त विभागों में पदस्थ अधिकारियों एवम कर्मचारियों की भी फिर से परीक्षा लेकर उनकी योग्यता की जांच की जाए सिर्फ शिक्षकों को परेशान करने हेतु इस प्रकार के तुगलकी आदेशो का शिक्षक संघ विरोध करता है। जब आर टी ई एक्ट ही 2010 से लागू हुआ तो उसके पूर्व नियुक्त शिक्षकों पर इसके प्रावधान कैसे लागू हो सकते है । माननीय सर्वोच्च न्यायालय अपने पूर्व के बहुत से निर्णयों में स्वयं कह चुका है कि किसी भी भर्ती विज्ञापन के नियम नियुक्ति के दौरान एवम नियुक्ति के पश्चात नही बदले जा सकते है तो फिर शिक्षकों के साथ ऐसा क्यों किया जा रहा है कि विज्ञापन की शर्तो को बदलकर उनकी नियुक्ति के बीस पचीस वर्षो बाद उनमें परिवर्तन कर परीक्षा की अनिवार्यता का आदेश दिया जा रहा है ऐसे तुगलकी आदेशो को शिक्षक संघ कभी स्वीकार नही करेगा। इस विरोध प्रदर्शन में सर्वप्रथम उत्कृष्ट विद्यालय में एक सभा आयोजित की गई जिसे विभिन्न शिक्षकों ने सम्बोधित किया उसके पश्चात वहां से रैली बस स्टैंड से होते हुए तहसील पहुँची। विरोध प्रदर्शन में सम्पूर्ण तहसील के विभिन्न ग्रामों के विद्यालयों में पदस्थ शिक्षक शिक्षिकाय हजारो की संख्या में सम्मिलित हुई। आगामी 18 अप्रैल को सम्पूर्ण प्रदेश के शिक्षक भोपाल में प्रदर्शन करेंगे।

### तेंदूखेड़ा ब्लॉक के ग्राम मोहरा का मामला

# भंडारे में भोजन व हैंडपंप का पानी पीने से दो दर्जन ग्रामीण बीमार



### स्वास्थ्य केंद्र में चल रहा इलाज, कुछ जिला अस्पताल रेफर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेडा

ब्लॉक के ग्राम मोहरा में शुक्रवार रात करीब 25 ग्रामीण अचानक बीमार पड़ गए। उन्हें उल्टी और दस्त की शिकायत हुई, जिसके बाद तत्काल इलाज के लिए तेंदूखेड़ा स्वास्थ्य केंद्र ले लाया गया। कुछ लोगों की हालत गंभीर होने पर उन्हें जिला अस्पताल रेफर किया गया है ग्रामीणों के अनुसार वो गांव में एक मंदिर के पास आयोजित भंडारे शामिल हुए थे जहां उन्होंने भोजन किया था। इसके बाद शाम 6 बजे से उनकी तबीयत बिगड़ने लगी और उल्टी-दस्त की समस्या शुरू हो गई घटना की जानकारी मिलते ही स्वास्थ्य विभाग की एक टीम शनिवार की सुबह मोहरा ग्राम पहुंची। टीम ने ग्रामीणों से बातचीत कर मामले की जांच कर रही है ताकि बीमारी के सही कारण का पता लगाया जा सके साथ ही स्वास्थ्य विभाग का अमला घर घर पहुंचकर लोगों की जांच कर रहा है।

#### इनकी बिगड़ी तबीयत

बीमार हुए लोगों में गुड्डी बाई पति निरपत सिंह लोधी उम्र 55 वर्ष संजय पिता निरपत सिंह उम्र 38 बड़ी बाई पति दशरथ सिंह लोधी उम्र 55 खिलान पिता दशरथ सिंह लोधी उम्र 33 विक्रम पिता पंचम सिंह लोधी उम्र 24 वर्ष सहित अन्य ग्रामीण शामिल हैं जिनका इलाज जिला अस्पताल दमोह में चल रहा है। विक्रम लोधी ने बताया कि तीन दिन पहले गांव के माता मंदिर के पास भंडारा हुआ था, जिसमें अधिकांश ग्रामीणों ने भाग लिया था। भंडारे से लौटने के बाद उन्हें अचानक पेट दर्द और उल्टी-दस्त शुरू हो गए उन्होंने पहले इसे गंभीरता से नहीं लिया, लेकिन शुक्रवार रात जब परेशानी बढ़ी तो वे अस्पताल पहुंचे।

#### जिन्होंने भंडारे में प्रसादी खाई वही बीमार

मोहरा निवासी संजय लोधी ने आशंका जताई कि भंडारे के खाने में कुछ गड़बड़ थी, क्योंकि केवल वही लोग बीमार हुए, जिन्होंने वहां भोजन किया था उन्होंने बताया कि भंडारे में गक्कड़ और भर्ता परोसा गया था। बीमारी का सटीक कारण अभी अज्ञात है लेकिन लगभग दो दर्जन ग्रामीण प्रभावित हुए हैं। वहीं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने बताया सभी को फूड प्वाइजनिग हुआ है। यह कोई बीमारी नहीं है। भंडारे का भोजन खाने के बाद यह स्थिति बनी है साथ ही स्वास्थ्य विभाग टीम मोहरा गई है जो घर घर पहुंचकर लोगों की जांच कर रही है।

#### पीएचई विभाग की टीम भी मौके पर पहुंची

वहीं स्वास्थ्य विभाग की टीम के साथ ही आनन फानन में तेंदूखेड़ा से पीएचई विभाग की टीम भी शनिवार की सुबह मोहरा ग्राम पहुंची जहां टीम ने पहले जिस स्थान पर भंडारे का आयोजन किया था और लोगों ने पानी पिया था उस स्थान पर लगे हैंडपंप की जांच-पड़ताल की और पानी का सेंपल लिया गया साथ ही गांव के अन्य हैंडपंपों की जांच कर पानी का सैम्पल लिया जहां पीएचई विभाग के अधिकारियों की टीम ने पानी के सैम्पल के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है।

#### 7 दिन गांव में तैनात रहेगी स्वास्थ्य विभाग की टीम

तेंदूखेड़ा के ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर डॉ. अशोक बरौनियां स्वयं स्वास्थ्य टीम के ग्राम पहुंचे और उन्होंने आगामी 7 दिनों के लिए स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। साथ ही आवश्यक दवाइयों, ओआरएस घोल और अन्य चिकित्सा सामग्री की उपलब्धता सुनिश्चित की गई है प्रशासन द्वारा ग्रामीणों से अपील की गई है कि वे अपने आसपास साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखें, स्वच्छ भोजन एवं पेयजल का उपयोग करें तथा किसी भी प्रकार की स्वास्थ्य समस्या होने पर तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र से संपर्क करे

#### सभी खतरे से बाहर हैं

इस संबंध में तेंदूखेड़ा सीबीएमओ डॉक्टर अशोक बरौनया ने बताया कि जितने लोगों ने भोजन किया था, वही लोग बीमार हुए हैं। जिसमें कुछ लोगों का इलाज स्वास्थ्य केंद्र में चल रहा है। बाकी लोगों को जिला अस्पताल भेजा गया है सभी लोग स्वस्थ हैं। हम भी गांव भी गए थे, अन्य लोगों की जानकारी ली गई है

## वर्ल्ड होम्योपैथी डे पर हुआ आयोजन, वैद्य बाबू लाल जैन को किया सम्मानित



**दमोह।** वर्ल्ड होम्योपैथी डे, होम्योपैथी के जनक डॉ सैमुअल हैनीमैन की 271 भी जयंती के अवसर पर दमोह होम्योपैथिक संगठन द्वारा एनुअल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर सुधीर कुमार कोचर, विशिष्ट अतिथि सामाजिक कार्यकर्ता पंकज हर्ष श्रीवास्तव उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अध्यक्षता जिला आयुष अधिकारी डॉ राजकुमार पटेल ने की। दमोह होम्योपैथिक संगठन की संरक्षक डॉ सोनल राय ने संगठन के उद्देश्य एवं विभिन्न कार्यों के बारे में बताया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी होम्योपैथिक डॉक्टर्स को उनके द्वारा की जा रही सेवा के लिए सम्मानित किया गया एवं स्मृति चिन्ह प्रदान किए गए। कार्यक्रम में बांसा ग्राम के ज्ञान कुंज विद्यालय के संचालकों अंकित ठाकुर एवं प्रीति ताम्रकार को उनके निशुल्क होम्योपैथिक शिविर में सहयोग करने के लिए धन्यवाद ज्ञापित करते हुए सम्मानित किया गया। नगर में 65 वर्षो से आयुर्वेद की प्रेक्टिस करने वाले वैद्य बाबू लाल जैन को उनके अतुलनीय सेवाओं के लिए सम्मानित किया गया। जिला चिकित्सालय में पदस्थ दीपक जैन को भी स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया। कार्यक्रम में यंग प्रतिभा वंश तोतानी सुरूर बैंड द्वारा शानदार प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम में डॉक्टर शुभन राव द्वारा एक डॉक्यूमेंट्री भी प्रस्तुत की गई जिसमें पिछले 5 वर्षो से दमोह होम्योपैथिक संगठन द्वारा जो भी निशुल्क शिविर , वृक्षारोपण एवं मानव सेवा के कार्य हुए हैं उनको दिखाया गया। चूंकि यह आई ए एस सुधीर कुमार कोचर का दमोह कार्यकाल के दौरान अंतिम दिवस था ,अतः दमोह होम्योपैथिक संगठन द्वारा उन्हें भावभीनी विदाई देते हुए स्मृति चिन्ह प्रदान किया। कार्यक्रम के अंत में दमोह होम्योपैथिक संगठन के अध्यक्ष डॉ सुधीर वैद्य ने सभी अतिथि एवं उपस्थित डॉक्टर्स का आभार प्रकट किया। मंच संचालन डॉ प्रिया श्रीवास्तव डॉ नेहा गौतम ने किया।

## अनियमितताओं पर कार्रवाईः हर्रई स्कूल के प्रभारी शिक्षक को हटाया

**तेंदूखेड़ा।** तारादेही शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय ,संकुल प्रभारी प्राचार्य स्वदेश नेमा द्वारा शासकीय एकीकृत माध्यमिक शाला हर्रई के प्रा० शि० बद्री प्रसाद झारिया के विरुद्ध प्रशासनिक कार्यवाही करते हुए उन्हें तत्काल प्रभाव से शाला प्रभार से मुक्त कर दिया गया है। जारी आदेश के अनुसार, विद्यालय संचालन में शासन के नियमों की अवहेलना, वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशों का पालन न करना, तथा ऑनलाइन कार्यों जैसे मैपिंग, प्रोफाइल, साइकिल एवं यूडाइस संबंधी कार्य समय पर पूर्ण न करने जैसी गंभीर लापरवाहियां सामने आई हैं। इसके अतिरिक्त कक्षा 5वीं का परीक्षा परिणाम संतोषजनक न होना, छात्रों की लगातार कम उपस्थिति तथा एचपीवी टीकाकरण जैसे महत्वपूर्ण कार्यों में अनियमितता भी दर्ज की गई है। इन सभी कृत्यों को गंभीर कदाचरण की श्रेणी में माना गया है। आदेश में निर्देशित किया गया है कि बद्री प्रसाद झारिया आगामी तीन दिवस के भीतर शाला का समस्त प्रभार राजू प्रसाद साहू मा० शि० को विधिवत हस्तांतरित कर इसकी सूचना कार्यालय को उपलब्ध कराएं। निर्धारित समय सीमा का पालन न करने की स्थिति में उनके विरुद्ध निलंबन की कार्यवाही प्रस्तावित की जाएगी, जिसकी पूर्ण जिम्मेदारी संबंधित अधिकारी की होगी।

## स्वच्छता सर्वेक्षण की तैयारी हेतु सहायक यंत्री ने किया निरीक्षण




**हटा।** नगरीय प्रशासन एवं विकास मध्य प्रदेश भोपाल के निर्देशानुसार स्वच्छ सर्वेक्षण 2025- 26 की तैयारी के लिए शुक्रवार को संचनालय नगरीय प्रशासन विभाग के सहायक यंत्री जेके जैन द्वारा नगर पालिका हटा के बस स्टैंड सहित विभिन्न वार्डों का भ्रमण कर साफ-सफाई व्यवस्थाओं, निर्माण कार्यों और विभिन्न योजनाओं की प्रगति का विस्तृत जायजा लिया गया।उन्होंने सफाई व्यवस्था, कचरा प्रबंधन, नालियों की सफाई एवं आम जनों को मिल रही सुविधाओं की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए उन्होंने स्पष्ट कहा कि सर्वेक्षण में बेहतर प्रदर्शन के लिए जमीनी स्तर पर ठोस कार्य जरूरी है। इसके साथ ही नगर पालिका में संचालित प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत अपूर्ण आवास पूर्ण कराए जाने हेतु निर्देश दिए। अंत में अधिकारियों की बैठक लेकर सभी कार्यों को निर्धारित समय सीमा में पूर्ण करने, पारदर्शिता बनाए रखने और नागरिकों को बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान कर मुख्य नगर पालिका अधिकारी राजेंद्र कुमार खरे, जाकिर रंगरेज उपयंत्री, दीपक श्रीवास्तव उपयंत्री, कुलदीप पटेल तथा धर्मेंद्र साहू एवं नगर पालिका के कर्मचारियों की उपस्थिति रही।

## पतलोनी के युवा सरकारी नौकरी में चयनित होकर बढ़ा रहे मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेजगढ

तेजगढ़ के समीप ग्राम पतलोनी इन दिनों शिक्षा क्षेत्र में नई पहचान बना रहा है। जहां कभी युवा पारंपरिक खेती तक सीमित रहते थे, वहीं अब गांव के युवाओं का रुझान शिक्षा और प्रतियोगी परीक्षाओं की ओर तेजी से बढ़ रहा है।पिछले कुछ वर्षों में इस गांव के कई युवाओं ने सरकारी सेवाओं में चयन प्राप्त कर गांव का नाम रोशन किया है। वर्ष 2023 में गजेंद्र सिंह लोधी (पिता चरन सिंह लोधी) का चयन डॉ. हरिसिंह गौर केंद्रीय विद्यालय में लैब अटेंडेंट के पद पर हुआ। इसके बाद दीपेश झरिया (पिता सुभाष झरिया अध्यापक) पुलिस आरक्षक पद पर चयनित हुए। वर्ष 2024 में विकास सिंह लोधी (पिता झाम सिंह लोधी) ने अग्निवीर के रूप में चयनित होकर गांव का गौरव बढ़ाया। इसी कड़ी को आगे बढ़ाते हुए वर्ष 2026 में सारांश झरिया (पिता संतोष झरिया अध्यापक) का चयन पुलिस आरक्षक के पद पर हुआ है, जिससे गांव में हर्ष का माहौल है। पतलोनी गांव केवल शिक्षा ही नहीं, बल्कि खेलों में भी अपनी अलग पहचान रखता है। खासकर कबड्डी में यहां से दर्जनों खिलाड़ी राज्य स्तर तक पहुंच चुके हैं। खेलों के प्रति इस मजबूत रुझान के कारण युवाओं का शारीरिक विकास बेहतर होता है, जो सेना एवं पुलिस जैसी नौकरियों में चयन के लिए सहायक साबित है। गांव के युवाओं में अब जागरूकता बढ़ रही है। वे खेती के साथ-साथ पढ़ाई और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी पर भी ध्यान दे रहे हैं। यही कारण है कि पतलोनी गांव धीरे-धीरे शिक्षा और सफलता का केंद्र बनता जा रहा है। इस उपलब्धि पर ग्राम के प्राचार्य अनरत सिंह, परम लाल गणेश मेहरा , शिक्षक महेंद्र दीक्षित शिक्षक मनोहर सिह और ग्रामीणों ने चयनित युवाओं को शुभकामनायें।



## मडियादो में युवाओं ने पकड़ी अवैध शराब पुलिस को सौंपी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मडियादौ

मडियादो में अवैध रूप से बनाई जाने वाली कच्ची जहरीली शराब के विरुद्ध आदिवासी वर्ग के दो दर्जन से अधिक युवाओं ने विरोध प्रदर्शन शुरू किया है। यह युवा कच्ची शराब बेचने ओर परिवहन करने वालों से शराब छुड़ा कर पुलिस को दे रहे है। उनका यह साथ उनके परिजन भी दे रहे है। युवाओं का कहना है कि मडियादो में बड़ी मात्रा में कच्ची शराब बनती है। सस्ते दामों एवं आसानी से मिलने के कारण छोटे छोटे मासूम, युवा सभी इसका शिकार हो रहे है। उनके मुहल्ले में आए दिन शराब के चलते विवाद हो रहे है। इसका असर परिवारों पर पड़ रहा है। बच्चे शराबियों के आतंक के चलते स्कूल नहीं जा पा रहे है। इसके अलावा शराब बनाने के लिए जहरीली वस्तुएं उपयोग में जाई जा रही है जिसके कारण लोग बीमार हो रहे है। शनिवार सुबह इन युवाओं द्वारा दो लोगों से लगभग 20 लीटर कच्ची शराब छुड़ाई गई ओर पुलिस थाने पहुंचकर पुलिस को शराब सुपुर्द कर कच्ची शराब विक्रेताओं के नाम बताए गए। युवाओं के द्वारा बताए गए नाम सामने आने के बाद पुलिस द्वारा तत्काल दविश देकर कार्यवाही की गई है। बता दे कि मडियादो थाना क्षेत्र के तीन से चार गांवों में व्यापक पैमाने पर कच्ची शराब का निर्माण किया जाता है। पॉलीथिन बंद शराब की होम डिलेवरी होती है युवाओं ने कहा कि अगर शराब बिक्री बंद नहीं होती है तो वह उग्र आंदोलन करेंगे।

## संस्कार के द्वारा मनुष्य के चरित्र का निर्माण होता है- प.ऋषिकान्त गर्ग

**हिंडोरिया।** नगर के वार्ड नं. 2 में चल रही संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा के चौथे दिन श्रीकृष्ण जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया।कथावाचक ने वासुदेव-देवकी प्रसंग, कंस के अत्याचारों और भगवान के अवतरण का वर्णन किया।कथा में जैसे ही श्रीकृष्ण जन्मोत्सव का प्रसंग आया पूरा पंडाल ₹नंद के आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की ₹ के जयकारों से गूंज उठा। कथा श्रोता भाव-विभोर होकर भक्तिरस में डूब गए। कथा वाचक प. ऋषिकान्त गर्ग महाराज ने कहा कि जब-जब अत्याचार ,अनाचार और अन्याय बढ़ता है तब -तब भगवान का अवतार होता है। भगवान विभिन्न रूपों में अवतार लेकर अत्याचार को समाप्त कर धर्म की स्थापना करते है। उन्होंने आगे सत्संग के वारे में बताते हुये की सत्संग से ही मनुष्य को संस्कार मिलते है संस्कार के द्वारा मनुष्य का चरित्र निर्माण का आधार है कथा श्रवण से दया,प्रेम, अहिंसा के भाव जागृत होते है और पापों का नाश होता है।यह मोह,माया और अंधकार से मुक्ति दिलाकर सत्य के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देती है।मनुष्य को अपने जीवन मे सत्य कार्य करना चाहिए ।उसे धार्मिक,सामाजिक कार्यों में बढ़चढ़ कर सहभागी होना चाहिए।मनुष्य का उद्धार धर्म के कार्यो से ही होता है उन्होंने सभी को सत्य अहिंसा के मार्ग चलने की सलाह दी।श्रीमद्भागवत कथा को ज्ञानरूपी कल्पवृक्ष बताया और कहा कि इस कल्प वृक्ष को धारण करके अज्ञानता रूपी अंधकार को नष्ट करना चाहिए। पंडाल में जैसे ही श्रीकृष्ण जन्मोत्सव प्रसंग शुरू हुआ। पंडाल जयकरों की गूंज और आतिशबाजी धमाके गूँजने लगे। महिलाओं द्वारा कर मंगल गीतों का गायन किया। प्रसाद स्वरूप गुड़ के लड्डू बांटे गए ।और भगवान की श्रीकृष्ण की सुंदर झांकी सजाई गई।जो विशेष आकर्षण का केंद्र रही। जन्मोत्सव में कथा प्रमुख श्रोता कमलारानी /कलू सेन उनके परिवार से परमलाल सेन, मुरलीधर सेन , मोहनलाल सेन अनुज सुखलाल सेन व पुत्र सीताराम सेन, दशरथ सेन, महेंद्र सेन के अलावा रिश्तेदार नगर के सैकड़ो की संख्या में माताएं/बहिन व सज्जनवृन्द जन्मोत्सव में शामिल हुए।